भारतीय स्टेट बैंक

31 मार्च 2022 को समेकित तुलन पत्र

(000 को छोड़ दिया गया है)

	अनुसूची संख्या	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
पूंजी एवं देयताएँ			
पूंजी	1	892,46,12	892,46,12
आरक्षित निधियाँ व अधिशेष	2	304695,58,39	274669,09,88
अल्प मदों पर ब्याज	2ए	11207,42,28	9625,91,66
जमा राशियाँ	3	4087410,60,06	3715331,24,17
उधार राशियाँ	4	449159,78,36	433796,20,81
अन्य देयताएँ व प्रावधान	5	507517,67,73	411303,62,01
योग		**5360883,52,94**	**4845618,54,65**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक के पास नकद और जमाराशियाँ	6	258086,43,01	213498,61,59
बैंकों में जमा-राशियाँ और माँग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य राशि	7	140818,69,16	134208,41,98
निवेश	8	1776489,89,88	1595100,26,64
अग्रिम	9	2794076,00,18	2500598,98,67
अचल आस्तियाँ	10	39510,03,05	40166,78,82
अन्य आस्तियाँ	11	351902,47,66	362045,46,95
योग		**5360883,52,94**	**4845618,54,65**
आकस्मिक देयताएँ	12	2007232,49,00	1714239,51,59
वसूली के लिए बिल		77783,05,62	56557,64,31
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	17		
लेखा टिप्पणियाँ	18		

उपर्युक्त संदर्भित अनुसूचियाँ तुलन पत्र का अभिन्न भाग हैं

श्री अश्विनी कुमार तिवारी	**श्री स्वामीनाथन जे.**	**श्री अश्वनी भाटिया**	**श्री चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी**
प्रबंध निदेशक	प्रबंध निदेशक	प्रबंध निदेशक	प्रबंध निदेशक
(आईबी, टी एवं एस)	(आर, सी एवं एसएआरजी)	(सीबी एवं जीएम)	(आर एवं डीबी)

इसी तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पं.सं. 105049W

श्री दिनेश कुमार खारा
अध्यक्ष

श्री शैलेश शाह
भागीदार
सदस्य संख्या 033632

स्थान: मुंबई
दिनांक : 13 मई, 2022

अनुसूची

अनुसूची 1 - पूंजी

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
प्राधिकृत पूंजी :		
5000,00,00,000 शेयर ₹1 प्रति शेयर (पिछला वर्ष 5000,00,00,000 शेयर ₹1 प्रति शेयर)	5000,00,00	5000,00,00
निर्गमित पूंजी :		
892,54,05,164 इक्विटी शेयर ₹1 प्रति शेयर (पिछला वर्ष 892,54,05,164 इक्विटी शेयर ₹1 प्रति शेयर)	892,54,05	892,54,05
अभिदत्त तथा संदत्त पूंजी :		
892,46,11,534 इक्विटी शेयर ₹1 प्रति शेयर (पिछला वर्ष 892,46,11,534 इक्विटी शेयर ₹1 प्रति शेयर)	892,46,12	892,46,12
[उपर्युक्त में 10,36,05,740 इक्विटी शेयर ₹1 प्रति शेयर शामिल है (पिछले वर्ष 10,97,28,170 इक्विटी शेयर ₹1 प्रति शेयर) इन्हें 10,36,05,74 (पिछला वर्ष 10,97,28,17) वैश्विक रसीद के रूप में व्यक्त किया गया है]		
योग	**892,46,12**	**892,46,12**

अनुसूची 2 - आरक्षित निधियाँ व अधिशेष

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹	
I.	**सांविधिक आरक्षित निधियाँ**				
	अथ शेष	77170,11,43		70882,27,64	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	9769,02,69		6287,83,79	
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	**86939,14,12**	-	**77170,11,43**
II.	**पूंजी आरक्षित निधियाँ**				
	अथ शेष	15231,66,59		13766,54,18	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	538,15,24		1465,12,41	
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	**15769,81,83**	-	**15231,66,59**
III.	**शेयर प्रीमियम**				
	अथ शेष	79115,47,05		79115,47,05	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		-	
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	**79115,47,05**	-	**79115,47,05**

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹	
IV. निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधियाँ				
अथ शेष	3048,07,72		1119,88,09	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	4647,87,02		1928,19,63	
वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	**7695,94,74**	-	**3048,07,72**
V. विदेशी मुद्रा रूपांतर आरक्षित				
अथ शेष	10290,42,37		10224,02,47	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	966,26,66		268,60,67	
वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	**11256,69,03**	202,20,77	**10290,42,37**
VI. राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियाँ				
अथ शेष	57936,43,59		52481,96,28	
वर्ष के दौरान परिवर्धन #	2072,94,73		5499,71,21	
वर्ष के दौरान कटौतियाँ	136,12,42	**59873,25,90**	45,23,90	**57936,43,59**
VII. पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधियाँ				
अथ शेष	23577,34,78		23762,66,57	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		-	
वर्ष के दौरान कटौतियाँ	199,48,07	**23377,86,71**	185,31,79	**23577,34,78**
VIII. समेकन पर पूंजी आरक्षित				
अथ शेष	203,02,24		176,58,27	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	70,01,72		26,43,97	
वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	**273,03,96**	-	**203,02,24**
IX. लाभ-हानि खाते का अधिशेष		**20394,35,05**		**8096,54,11**
योग		**304695,58,39**		**274669,09,88**

शुद्ध समेकन समायोजन

अनुसूची 2ए- अल्प मदों पर ब्याज

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
वर्ष के प्रारंभ में अल्प मदों पर ब्याज	9625,91,66	7943,82,20
बाद में वर्ष के दौरान वृद्धि/कमी	1581,50,62	1682,09,46
तुलन पत्र की तिथि पर अल्प मदों पर ब्याज	**11207,42,28**	**9625,91,66**

अनुसूची 3 - जमाराशियाँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

			31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
क.	**I.**	**मांग जमाराशियाँ**		
		(i) बैंकों से	6328,02,10	5469,19,61
		(ii) अन्य से	273403,37,96	283808,86,05
	II.	**बचत बैंक जमाराशियाँ**	1539980,57,43	1397501,44,70
	III.	**सावधि जमाराशियाँ**		
		(i) बैंकों से	8971,36,01	5492,77,67
		(ii) अन्य से	2258727,26,56	2023058,96,14
योग			**4087410,60,06**	**3715331,24,17**
ख.	**(i)**	**भारत में शाखाओं की जमाराशियाँ**	3917357,59,34	3567926,84,86
	(ii)	भारत के बाहर स्थित शाखाओं की जमाराशियाँ	170053,00,72	147404,39,31
योग			**4087410,60,06**	**3715331,24,17**

अनुसूची 4 - उधार राशियाँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

			31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹	
I.	**भारत में उधार-राशियाँ**					
	(i)	भारतीय रिज़र्व बैंक		24956,00,00		24956,00,00
	(ii)	अन्य बैंक		12601,43,98		10678,34,70
	(iii)	अन्य संस्थाएं एवं अभिकरण		152877,62,75		159271,91,86
	(iv)	पूंजी लिखत:				
		अ. नवोन्मेषी सतत ऋण लिखतें (आईपीडीआई)	36709,70,00		29835,70,00	
		ब. गौण ऋण	36529,90,00	73239,60,00	37629,90,00	67465,60,00
योग				**263674,66,73**		**262371,86,56**
II.	**भारत के बाहर उधार-राशियाँ**					
	(i)	भारत के बाहर उधार-राशियाँ तथा पुनर्वित्त		185320,49,83		169041,42,45
	(ii)	पूंजीगत लिखतें:				
		अ. नवोन्मेषी सतत ऋण लिखतें (आईपीडीआई)	-		2193,30,00	
		ब. गौण ऋण	164,61,80	164,61,80	189,61,80	2382,91,80
योग				**185485,11,63**		**171424,34,25**
कुल योग				**449159,78,36**		**433796,20,81**
उपर्युक्त I व II में प्रतिभूत उधार-राशियाँ सम्मिलित हैं।				188360,08,98		190279,61,10

अनुसूची 5 - अन्य देयताएँ व प्रावधान

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I. संदेय बिल	33485,82,47	17728,51,70
II. अंतर-बैंक समायोजन (निवल)	37,86,55	49,69,05
III. अंतर-कार्यालय समायोजन (निवल)	2344,61,99	1,23,54
IV. उपचित ब्याज	17990,61,59	15309,15,71
V. आस्थगित कर देयताएँ (निवल)	5,68,86	3,70,81
VI. बीमा व्यवसाय में पॉलिसीधारकों से संबंधित देयतांए	264548,27,48	219027,87,65
VII. मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	20592,09,08	16005,37,56
VIII. अन्य (प्रावधानों सहित)*	168512,69,71	143178,05,99
योग	**507517,67,73**	**411303,62,01**

अनुसूची 6 - नकदी व भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियाँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I. हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोट तथा स्वर्ण सहित)	21967,22,06	23691,32,43
II. भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियाँ		
(i) चालू खाते में	236119,20,95	189807,29,16
(ii) अन्य खातों में	-	-
योग	**258086,43,01**	**213498,61,59**

अनुसूची 7 - बैंकों में जमाराशियाँ व मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य राशि

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I. भारत में		
(i) बैंकों में जमाराशियाँ		
(क) चालू खातों में	1064,57,10	1067,90,06
(ख) अन्य जमा खातों में	3727,11,66	3160,05,92
(ii) मांग तथा अल्पकालीन सूचना पर प्राप्य राशि		
(क) बैंकों में	60938,22,08	47369,93,31
(ख) अन्य संस्थानों में	-	-
योग	**65729,90,84**	**51597,89,29**
II. भारत के बाहर		
(i) चालू खातों में	62547,03,12	64287,31,27
(ii) अन्य जमा खातों में	3579,70,45	8587,68,13
(iii) मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य राशि	8962,04,75	9735,53,29
योग	**75088,78,32**	**82610,52,69**
कुल योग (I एवं II)	**140818,69,16**	**134208,41,98**

अनुसूची 8 - निवेश

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I. भारत में निवेश :		
(i) सरकारी प्रतिभूतियाँ	1261071,12,87	1139960,41,91
(ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	35365,93,17	27743,27,21
(iii) शेयर	90652,83,35	68972,62,29
(iv) डिबेंचर व बॉन्ड	269609,83,27	253967,00,87
(v) सहयोगी एवं अनुषंगिया # $	14603,34,61	13209,01,04
(vi) अन्य (म्यूचुअल फंड की यूनिट, इत्यादि)	47875,58,26	40219,16,31
योग	**1719178,65,53**	**1544071,49,63**
II. भारत के बाहर निवेश :		
(i) सरकारी प्रतिभूतियाँ (इसमें स्थानीय प्राधिकरण सम्मिलित हैं)	24165,67,65	21697,01,67
(ii) सहयोगी #	158,80,87	145,62,73
(iii) अन्य निवेश (शेयर, डिबेंचर इत्यादि)	32986,75,83	29186,12,61
योग	**57311,24,35**	**51028,77,01**
कुल योग (I एवं II)	**1776489,89,88**	**1595100,26,64**
III. भारत में निवेश :		
(i) निवेशों का सकल मूल्य	1731051,89,01	1554398,52,92
(ii) घटाएं: कुल प्रावधान/मूल्यह्रास	11873,23,48	10327,03,29
निवल निवेश (उपर्युक्त I के अनुसार)	**1719178,65,53**	**1544071,49,63**
IV. भारत के बाहर निवेश :		
(i) निवेशों का सकल मूल्य	57458,70,66	51070,30,95
(ii) घटाएं: कुल प्रावधान/मूल्यह्रास	147,46,31	41,53,94
निवल निवेश (उपर्युक्त II के अनुसार)	**57311,24,35**	**51028,77,01**
कुल योग (III एवं IV)	**1776489,89,88**	**1595100,26,64**
# सहयोगियों में निवेश (भारत में और भारत के बाहर)		
सहयोगियों में इक्विटी निवेश	10215,12,19	9669,58,12
जोड़ें : सहयोगियों के अधिग्रहण पर गुडविल	25,91,12	-
घटाएं : सहयोगियों के अधिग्रहण पर पूंजी रिज़र्व	981,48,87	981,48,87
घटाएं : कमी के लिए प्रावधान	-	-
सहयोगियों के निवेश में लागत	**9259,54,44**	**8688,09,25**
जोड़ें : अधिग्रहण के बाद लाभ/ (हानि) और सहयोगियों के रिज़र्व (इक्विटी विधि	5498,61,05	4662,54,53
योग	**14758,15,49**	**13350,63,78**

$ शेयर आवेदन राशि सहित

अनुसूची 9 - अग्रिम

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
क. (i) क्रय किए गए और बट्टाकृत बिल	168552,97,29	96263,84,05
(ii) कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट तथा मांग पर प्रतिसंदेय ऋण	740936,12,49	697691,68,91
(iii) सावधि ऋण	1884586,90,40	1706643,45,71
योग	**2794076,00,18**	**2500598,98,67**

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
ख. (i)	**मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (इसमें बही ऋणों पर अग्रिम शामिल है) ` 130915,53,15 हजार (पिछला वर्ष ₹ 134277,32,43 हजार)**	1901776,92,33	1784402,74,29
(ii)	बैंक/सरकारी गारंटी द्वारा संरक्षित	114844,70,33	96691,34,81
(iii)	अप्रतिभूत	777454,37,52	619504,89,57
योग		**2794076,00,18**	**2500598,98,67**
ग. (I)	**भारत में अग्रिम**		
(i)	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	658546,87,83	564570,85,92
(ii)	सार्वजनिक क्षेत्र	167199,40,75	257246,23,86
(iii)	बैंक	1536,43,37	4833,33,50
(iv)	अन्य	1519580,51,83	1285608,47,38
योग		**2346863,23,78**	**2112258,90,66**
(II)	**भारत के बाहर अग्रिम**		
(i)	बैंकों से प्राप्य	119514,35,15	80143,34,26
(ii)	अन्य से प्राप्य		
(अ)	क्रय किए गए और बट्टाकृत बिल	35345,80,07	35004,71,22
(ब)	सिंडीकेट ऋण	196311,75,75	184413,38,38
(स)	अन्य	96040,85,43	88778,64,15
योग		**447212,76,40**	**388340,08,01**
कुल योग	**(ग-I एवं ग-II)**	**2794076,00,18**	**2500598,98,67**

अनुसूची 10 - अचल आस्तियां

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹	
I. परिसर (पुनर्मूल्यांकित परिसरों सहित)				
पिछले वर्ष की 31 मार्च की स्थिति के अनुसार लागत/ पुनर्मूल्यांकन पर परिसरों सहित	31130,03,43		31094,35,54	
परिवर्धन:				
- वर्ष के दौरान	226,53,68		81,64,96	
- पुनर्मूल्यांकन हेतु	-		-	
कटौतियाँ:				
- वर्ष के दौरान	4,46,02		35,43,48	
- पुनर्मूल्यांकन हेतु	15,50,22		10,53,59	
अद्यतन मूल्यह्रास				
- लागत पर	1168,76,60		1043,45,83	
- पुनर्मूल्यांकन पर	1028,90,79	29138,93,48	850,52,10	29236,05,50
I अ. निर्माणाधीन परिसर		252,96,55		351,83,45

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹	
II.	**अन्य अचल आस्तियां (इसमें फर्नीचर तथा फिक्सचर सम्मिलित हैं)**				
	पिछले वर्ष की 31 मार्च की स्थिति के अनुसार लागत/ पुनर्मूल्यांकन पर	38991,32,27		36021,19,34	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	2952,36,16		3753,83,35	
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	741,50,60		783,70,42	
	अद्यतन मूल्यह्रास	31339,27,63	9862,90,20	28686,49,53	10304,82,74
IIअ.	**पट्टा आस्ति**				
	पिछले वर्ष की 31 मार्च की स्थिति के अनुसार लागत/ पुनर्मूल्यांकन पर	288,85,63		240,38,84	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	126,36,17		74,34,19	
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	17,27,78		25,87,40	
	अद्यतन मूल्यह्रास (प्रावधानों सहित)	170,27,88		131,13,19	
		227,66,14		**157,72,44**	
	घटाएँ : पट्टा समायोजन खाता	-	227,66,14	-	157,72,44
योग	**(I, Iअ,II एवं IIअ)**		**39482,46,37**		**40050,44,13**
III.	**निर्माणाधीन आस्तियां (पट्टा आस्ति सहित) निवल प्रावधान**		27,56,68		116,34,69
योग	**(I, Iअ, II, IIआ एवं III)**		**39510,03,05**		**40166,78,82**

अनुसूची 11 - अन्य आस्तियां

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	अंतर-कार्यालय समायोजन (निवल)	-	20540,95,39
II.	अंतर-बैंक समायोजन (निवल)	-	-
III.	उपचित ब्याज	37043,85,65	32770,84,89
IV.	अग्रिम कर भुगतान/ स्रोत पर कर कटौती	22650,12,52	26435,38,67
V.	आस्थगित कर आस्तियां (निवल)	6745,22,82	7244,80,47
VI.	लेखन सामग्री तथा स्टैम्प	59,06,04	89,60,16
VII.	दावों के निपटान से प्राप्त की गई गैर-बैंकिंग आस्तियां	11,52,34	10,49,60
VIII.	नाबार्ड/ सिडबी/ एनएचबी के पास रखी गई जमा राशियां	195618,29,52	184093,45,48
IX.	समेकन पर गुडविल	1550,02,47	1549,99,41
X.	अन्य	88224,36,30	89309,92,88
योग		**351902,47,66**	**362045,46,95**

अनुसूची 12 - आकस्मिक देयताएँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I. बैंक के विरुध्द दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है	86519,11,42	79862,51,29
II. अंशत: प्रदत्त निवेशों/ जोखिम निधि के लिए देयता	2773,96,99	2617,80,58
III. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के बाबत देयता	1213429,79,26	1029404,66,06
IV. ग्राहकों की ओर से दी गई गारंटियाँ		
(क) भारत में	166528,97,91	173297,71,34
(ख) भारत के बाहर	95727,54,21	72991,10,08
V. प्रतिग्रहण,पृष्ठांकन तथा अन्य दायित्व	171892,93,33	149014,00,66
VI. अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	270360,15,88	207051,71,58
योग #	**2007232,49,00**	**1714239,51,59**

₹ 1,91,46 हजार (पिछले वर्ष ₹ 2,09,62 हजार) संयुक्त उद्यमों की आकस्मिक देयता में हिस्सेदारी से संबंधित है

भारतीय स्टेट बैंक

31 मार्च 2022 को समेकित लाभ हानि खाता

(000 को छोड़ दिया गया है)

	अनुसूची संख्या	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I. आय			
अर्जित ब्याज	13	289972,68,60	278115,47,67
अन्य आय	14	117000,40,37	107222,41,38
योग		**406973,08,97**	**385337,89,05**
II. व्यय			
व्यय किया गया ब्याज	15	156194,34,41	156010,16,71
परिचालन व्यय	16	174363,42,58	150429,59,53
प्रावधान और आकस्मिक व्यय		40059,14,84	54618,40,87
योग		**370616,91,83**	**361058,17,11**
III. लाभ			
निवल लाभ वर्ष के लिए (सहयोगियों के लाभ में अंश के समायोजन एवं अल्पमदों पर ब्याज से पूर्व		36356,17,14	24279,71,94
जोड़ें: सहयोगियों के लाभ /(हानि) में शेयर		827,01,33	(391,90,45)
घटाएँ: अल्प मदों पर ब्याज		1809,30,49	1482,35,73
समूह का निवल लाभ		35373,87,98	22405,45,76
आगे लाया गया लाभ/(हानि)		8096,54,12	(1361,74,25)
योग		**43470,42,10**	**21043,71,51**
IV. विनियोजन			
सांविधिक आरक्षित निधियों को अंतरण		9769,02,69	6287,83,79
पूंजी आरक्षित निधियों को अंतरण		538,15,24	1465,12,42
निवेश उतार-चढ़ाव निधि में अंतरण		4647,87,02	1928,19,63
राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियों को अंतरित		1783,68,04	(307,48,07)
चालू वर्ष के लिए डिविडेंड		6336,47,42	3569,84,46
डिविडेंड पर कर		86,64	3,65,16
तुलन पत्र में आगे ले जाई गई शेष राशि		20394,35,05	8096,54,12
योग		**43470,42,10**	**21043,71,51**
V. प्रति शेयर मूल आय (प्रति शेयर 1 रुपए का अंकित मूल्य)			
मूल (₹ में)		39.64	25.11
कम की गई (₹ में)		39.64	25.11
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	17		
लेखा टिप्पणियाँ	18		

उपर्युक्त संदर्भित अनुसूचियाँ लाभ और हानि लेखा का अभिन्न अंग हैं।

श्री अश्विनी कुमार तिवारी
प्रबंध निदेशक
(आईबी, टी एवं एस)

श्री स्वामीनाथन जे
प्रबंध निदेशक
(आर, सी एवं एसएआरजी)

श्री अश्विन भाटिया
प्रबंध निदेशक
(सीबी एवं जीएम)

श्री चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी
प्रबंध निदेशक
(आर एवं डीबी)

इसी तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पं.सं. 105049W

श्री दिनेश कुमार खारा
अध्यक्ष

श्री शैलेश शाह
पार्टनर
सदस्य संख्या 033632 संख्या

स्थान: मुंबई
दिनांक : 13 मई, 2022

अनुसूची - 13 अर्जित ब्याज

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I. अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/बट्टा	177474,83,13	176780,18,56
II. निवेशों पर आय	93477,89,84	87130,62,06
III. भारतीय रिज़र्व बैंक तथा अन्य अंतर-बैंक निधियों के अधिशेष पर ब्याज	4608,34,99	4541,42,58
IV. अन्य	14411,60,64	9663,24,47
योग	**289972,68,60**	**278115,47,67**

अनुसूची 14 - अन्य आय

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I. कमीशन, विनिमय और दलाली	24549,32,06	23566,55,62
II. निवेशों की बिक्री पर लाभ/ (हानि) (निवल) #	6375,64,61	7504,45,40
III. निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ/ (हानि) (निवल)	(445,73,69)	(5,15,48)
IV. भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों की बिक्री पर लाभ/ (हानि) (निवल)	(16,40,47)	(28,33,64)
V. विनिमय लेनदेनों पर लाभ/ (हानि) (निवल)	3530,17,97	2457,74,75
VI. विदेश/भारत में सहयोगियों से लाभांश	3,19,50	3,19,50
VII. क्रेडिट कार्ड सदस्यता/सेवा शुल्क	5269,67,80	3915,36,49
VIII. बीमा प्रीमियम आय (निवल))	62188,03,44	53162,60,19
IX. बट्टे खाते में की गई वसूली	8286,78,94	10700,37,34
X. विविध आय	7259,70,21	5945,61,21
योग	**117000,40,37**	**107222,41,38**

#निवेशों पर बिक्री पर निवल लाभ/(हानि) असाधारण मदों सहित शून्य (पिछला वर्ष ₹ 1367,27,26 हजार)

अनुसूची 15 - व्यय किया गया ब्याज

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I. जमाराशियों पर ब्याज	141765,28,30	143060,44,62
II. भारतीय रिज़र्व बैंक/अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	7751,72,68	6237,20,49
III. अन्य	6677,33,43	6712,51,60
योग	**156194,34,41**	**156010,16,71**

अनुसूची 16 - परिचालन व्यय

(000 को छोड़ दिया गया है)

	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I. कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान #	61445,12,63	54330,82,58
II. भाड़ा, कर और लाइटिंग	5707,73,68	5557,13,72
III. मुद्रण और लेखन सामग्री	709,90,76	581,72,43
IV. विज्ञापन व प्रचार	2693,92,63	2458,63,07
V. (क) अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास (पट्टा आस्तियों को छोड़कर)	3652,67,77	3673,42,72
(ख) पट्टा आस्तियों पर मूल्यह्रास	38,59,23	37,63,64
VI. निदेशकों के शुल्क, भत्ते और व्यय	12,82,78	13,26,40
VII. लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों की फीस तथा व्यय सहित)	283,56,85	285,25,22
VIII. विधि प्रभार	448,57,06	401,91,78
IX. डाक व्यय, तार, टेलीफोन इत्यादि	710,44,57	492,69,84
X. मरम्मत और अनुरक्षण	1219,04,35	1116,49,53
XI. बीमा	4799,96,54	4272,88,91
XII. क्रेडिट कार्ड परिचालन से जुड़े अन्य परिचालन व्यय	2945,50,71	1503,01,93
XIII. बीमा परिचालन व्यवसाय से जुड़े अन्य व्यय	69706,73,54	58397,01,70
XIV. अन्य व्यय	19988,79,48	17307,66,06
योग	**174363,42,58**	**150429,59,53**

11 नवंबर 2020 के द्विपक्षीय समझौते और संयुक्त नोट के अंतर्गत कर्मचारियों को किए जाने वाले भुगतान तथा पारिवारिक पेंशन में हुई वृद्धि के लिए ₹ 7418,39,00 हजार (पिछले वर्ष शून्य) को असाधारण मद के रूप में शामिल किया है।

अनुसूची 17-
महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ

क. पृष्ठभूमि :

भारतीय स्टेट बैंक ('एसबीआई' या 'बैंक'), बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा सांविधिक निकाय है, जो व्यक्तियों, वाणिज्यिक उद्यमों, बड़े कॉरपोरेट, सार्वजनिक निकायों एवं संस्थागत ग्राहकों को विभिन्न उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदान करता है। यह बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 एवं भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 द्वारा शासित होता है।

भारतीय स्टेट बैंक समूह ('एसबीआई समूह' या 'समूह') में एसबीआई, 27 अनुषंगियाँ, 8 संयुक्त उद्यम और 18 सहयोगी शामिल हैं।

एसबीआई समूह की महत्वपूर्ण लेखा नीतियां अर्थात एसबीआई के समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार तथा प्रस्तुत करने में लागू किए जाने वाले विशिष्ट लेखा सिद्धांत एवं विधियां नीचे दी जा रही हैं।

ख. तैयार करने का आधार :

एसबीआई समूह की लेखा और रिपोर्टिंग नीतियां भारत में आम तौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों (भारतीय जीएएपी) के अनुरूप हैं, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित नियामक मानदंडों, निर्देशों और दिशानिर्देशों, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 के वैधानिक दिशा-निर्देशों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996, कंपनी अधिनियम 2013, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक और भारत में बैंकिंग उद्योग में प्रचलित लेखा पद्धतियां शामिल हैं।

विदेश इकाइओं के मामले में, विदेशी संस्थाओं पर सामान्यता स्वीकृत लेखा सिध्दतों का पालन किया जाता है।

बैंक के समेकित वित्तीय विवरण को परंपरागत लागत परिपाटी तरीके से तैयार किया जाता है जिसमें लाभकारी कारोबार वाले संस्थान के मौलिक लेखा आकलन, स्थिरता एवं उपचय (जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो) को ध्यान में रखा जाता है।

ये समेकित वित्तीय विवरण आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों एवं बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची के तहत निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

ग. प्राक्कलनों का प्रयोग:

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन-मंडल, वित्तयीय विवरणों की तिथि पर आस्तियों और देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) की सूचित राशि तथा सूचना अवधि के दौरान सूचित आय एवं व्यय में प्रतिफलित प्राक्कलन और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन का मानना है कि वित्तीय विवरण तैयार करने में इस्तेमाल किया गया प्राक्कलन विवेकपूर्ण और तर्कसंगत है। वास्तविक परिणाम इन प्राक्कलनों से अलग हो सकते हैं।

घ. समेकन का आधार:

1. एसबीआई समूह के समेकित वित्तीय विवरण में निम्नलिखित विषय शामिल हैं:
   - क. भारतीय स्टेट बैंक (मूल कंपनी) के वित्तीय विवरण।
   - ख. अनुषंगियों की आस्ति/देयता/आय/व्यय का मूल कंपनी की इन्हीं मदों से अक्षरश: समेकन किया गया है। आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 21 "समेकित वित्तीय विवरण" के अनुसार असमरूप लेखा नीतियों के लिए, जहां आवश्यक है वहां, सभी अंतः समूह महत्वपूर्ण बकाया लेनदेन के कारण अप्राप्त लाभ एवं समायोजन को हटाना।
   - ग. संयुक्तउद्यम निकायों की आस्ति/देयता/आय/व्यय के समानुपातिक भाग का समेकन आसीएआई द्वारा जारी "संयुक्त उद्यमों में हितों पर वित्तीय सूचना" के एसएस 27 के अनुसार किया गया है।
   - घ. 'सहयोगियों' में किए गए निवेश का लेखांकन आसीएआई द्वारा जारी 'समेकित वित्तीय विवरणों में सहयोगियों में निवेश हेतु लेखांकन' के लेखा मानक 23 की "इक्विटी पद्धति" के अनुसार किया गया है।
2. अनुषंगी कंपनियों में समूह के निवेश की लागत तथा अनुषंगियों की इक्विटी में समूह के अंश के बीच के अंतर को वित्तीय विवरणों में साख/पूंजी आरक्षित निधि के रूप में दिखाया गया है।
3. समेकित अनुषंगियों की निवल आस्तियों में अल्पांश हित निम्नवत हैः
   - क. जिस तिथि को अनुषंगी के इक्विटी शेयरों में निवेश किया गया है उस तिथि को अल्पांश शेयरधारकों के कारण इक्विटी की राशि और,
   - ख. मूल कंपनी और अनुषंगी के बीच संबंध स्थापित होने की तिथि से आय आरक्षितियों/ हानि (इक्विटी) में अल्पांश शेयर का उतार-चढ़ाव।

ङ. महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ:

1. आय निर्धारण :

1.1 आय और व्यय की उपचय आधार पर (जहाँ अन्यथा न कहा गया हो) गणना की जाती है।

1.2 ब्याज/छूट आय को लाभ और हानि खाते में निम्नलिखित के लिए वसूली आधार पर हिसाब में लिया गया है :

(क) भारतीय रिज़र्व बैंक/विदेश स्थित कार्यालयों के मामलों में संबंधित देश के विनियामकों (इसके पश्चात् सामूहिक रूप से विनियामक प्राधिकारी के रूप में संदर्भित) द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार निवेश सहित अलाभकारी आस्तियों से आय

(ख) रुपया डेरीवेटिव्स पर आय जिसे "ट्रेडिंग" नाम दिया गया है।

1.3 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की "परिपक्वता तक धारित" श्रेणी

के निवेशों की बिक्री तथा बैंक द्वारा धारित अचल आस्तियों की बिक्री पर होने वाले लाभ को, प्रयोज्य करों और सांविधिक आरक्षित निधि में अंतरित की जाने वाली निवल राशि घटाने के बाद आरक्षित पूंजी खाते में विनियोजित किया जाता है।

परिपक्वता तक धारित श्रेणी के निवेशों अधिग्रहण पर छूट को निम्नानुसार हिसाब में लिया जाता है:

क. ब्याज युक्त प्रतिभूतियों पर इसे बिक्री/मोचन के समय हिसाब में लिया जाता है।

ख. शून्य कूपन वाली प्रतिभूतियों पर इसे सतत आय आधार पर प्रतिभूति की शेष अवधि के लिए हिसाब में लिया जाता है।

1.4 लाभांश को प्राप्त करने का अधिकार लागू होने पर लाभांश आय को हिसाब में लिया जाता है।

1.5 इस अवधि में साख-पत्र/बैंक गारंटी, आस्थगित भुगतान गारंटियों, सरकारी व्यवसाय, एटीएम इंटरचेंज शुल्क और 'पुनर्संरचित खाते पर अग्रिम शुल्क' पर कमीशन को उपचय आधार पर आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया गया है। अन्य सभी कमीशन और शुल्क आय को उनकी प्राप्ति के आधार पर हिसाब में लिया गया है।

1.6 विशेष आवास ऋण योजना के अंतर्गत प्रदत्त एकबारगी बीमा प्रीमियम (दिसंबर 2008 से जून 2009 तक) का परिशोधन 15 वर्षों की औसत ऋण अवधि में किया गया है।

1.7 बॉन्ड/जमापत्र जारी करने के लिए अदा की गई दलाली, कमीशन आदि को संबंधित बॉन्ड एवं जमापत्र की अवधि के दौरान परिशोधित किया गया है एवं इन्हें जारी करने पर हुए खर्च को अग्रिम रूप से लिया जाता है।

1.8 जब बैंक अपनी वित्तीय आस्तियों की बिक्री प्रतिभूतिकरण कंपनी / पुनर्निमान कंपनी को करता है, तो वह इन आस्तियों को अपने खातों से हटा देता है और उन्हें निम्नानुसार हिसाब में लेता है :

i. यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य (बही मूल्य से प्रावधानों को घटाकर) से कम है, तो इस कमी को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते को नामे किया जाता है।

ii. यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य से ज्यादा है, तो अतिरिक्त प्रावधान की राशि को उसके प्राप्त होने वाले वर्ष में ही वापस कर लिया जाता है।

1.9 निर्गम-प्रबंधन और परामर्श शुल्क, समूह के मर्चेंट बैंकिंग व्यवसाय के मामले में ग्राहक से हुए करार के अनुसार हिसाब में लिया जाता है। शुल्क आय को तव हिसाब में लिया जाता है जबकि करार में उल्लिखित लक्ष्य पूरा/निष्पादित कर दिया जाता है।

1.9.1 सुपुर्द नियत-कार्य के पूरा होने के बाद प्राइवेट प्लेसमेंट फीस को हिसाब में लिया जाता है।

1.9.2शेयर दलाली कार्यकलाप से संबंधित दलाली आय को लेनदेन करने की तिथि पर शामिल किया गया है और उसमें स्टांप शुल्क एवं लेनदेन संबंधी व्यय शामिल है तथा योजना के लिए दी गई प्रोत्साहन राशियां शामिल नहीं है।

1.9.3 पब्लिक इश्यू से संबंधित कमीशन को पब्लिक इश्यू आवंटन पूरा होने पर/मध्येस्थ से सूचना प्राप्त होने के बाद हिसाब में लिया जाता है।

1.9.4. पब्लिक इश्यू/ म्यूचुअल फंड/ अन्य प्रतिभूतियों से संबंधित ब्रोकरेज को ग्राहकों/बिचौलियों से राशि और सूचना प्राप्त होने के बाद हिसाब में लिया जाता है।

1.9.5. निक्षेपागार आय - वार्षिक अनुरक्षण प्रभार को उपचय आधार पर तथा लेनदेन प्रभार को लेनदेन की संव्यवहार तिथि को हिसाब में लिया जाता है।

1.10.समूह के आस्ति प्रबंधन व्यवसाय के मामले में, प्रबंधन शुल्क को संबंधित योजनाओं में सहमत विशिष्ट दरों पर हिसाब में लिया जाता है तथा इसकी गणना प्रत्येक योजना की निवल आस्ति के दैनिक औसत आधार पर की जाती है। (अंतर योजना निवेश, जहां कंपनी द्वरा संबंधित योजना में किए गए निवेश एवं बैंकों में जमा राशि को छोड़कर) और यह सेबी (म्युचुअल-फंड) विनियम, 1996 द्वारा निर्धारित सीमाओं के अनुरूप है।

1.10.1.पोर्टफोलियो परामर्श सेवाओं, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं और वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) से प्राप्त प्रबंधन शुल्क को करार के शर्तों के अनुसार, उपचय आधार पर शामिल किया गया है।

1.10.2. प्रतिस्थापन अधिकार के अंतर्गत कंपनी द्वारा अभिगगृहीत योजनाओं के अंतरित निवेशों की वसूली को प्राप्ति आधार पर हिसाब में लिया गया है। निधिक गारंटी योजनाओं से होने वाली वसूली को प्राप्ति के वर्ष के आय के रूप में माना गया है।

1.10.3. निर्धारित दरों से अधिक योजना व्ययों और नई फंड पेशकश से संबंधित व्ययों को सेबी (म्युचुअल-फंड) विनियम, 1996 की अपेक्षाओं के अनुसार लाभ एवं हानि खाते में उसी वर्ष में शामिल किया गया है, जिसमें वे वहन किए गए।

1.10.4. असीमित अवधि वाली इक्विटी सम्बद्ध कर बचत योजनाओं और सुव्यवस्थित निवेश (एस आई पी) से संबंधित निवेशों पर प्रदान दलाली तथा/अथवा प्रोत्साहन राशि को 36 महीनों की अवधि के दौरान और अन्य योजनाओं के मामले में क्लॉ-बैक अवधि के दौरान परिशोधित किया गया है। सीमित अवधि वाली योजनाओं के मामले में, दलाली की राशि को योजनाओं की अवधि के दौरान परिशोधित किया गया है।

1.11. समूह के क्रेडिट कार्ड व्यवसाय के मामले में सदस्यता सेवाओं के प्रावधान से अर्जित आय को सदस्यता अवधि में आय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें अपेक्षित रिवर्सल / रद्दीकरण के विचार के उचित मूल्य पर 12 महीने शामिल होते हैं।

1.11.1 अन्य सेवा राजस्व में कार्ड धारकों को प्रदान की जाने वाली मूल्यवर्धित सेवाएं शामिल हैं।

अन्य सेवा राजस्व को उसी अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें संबंधित लेनदेन होते हैं या सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

1.11.2. इंटरचेंज शुल्क अधिग्रहणकर्ताओं से एकत्र किए जाते हैं और नेटवर्क भागीदारों द्वारा जारीकर्ताओं को भुगतान किया जाता है ताकि सेवाओं को प्रदान करने के लिए किए गए लागत के हिस्से के लिए जारीकर्ताओं को प्रतिपूर्ति की जा सके, जो अधिग्रहणकर्ताओं और व्यापारियों सहित सिस्टम में सभी प्रतिभागियों को लाभान्वित करते हैं। इंटरचेंज आय से राजस्व को तब पहचाना जाता है जब संबंधित लेनदेन होता है, या सेवा प्रदान की जाती है।

1.11.3. कुल अनिर्धारित प्राप्तियों को, जिन्हें पूर्ण एवं सही सूचना के अभाव में ग्राहकों के खातों में जमा या समायोजित नहीं किया जा सका, तुलनपत्र में देयता के रूप में समझा गया है। 6 महीने से अधिक और 3 वर्ष तक की अनुमानित अज्ञात प्राप्तियों को बट्टे खाते में डाले गए ग्राहकों की ओर तुलन पत्र की तारीख पर आय के रूप में वापस लिखा जाता है। इसके अतिरिक्त, 3 वर्षों से अधिक की समाधान नहीं हुई अनिर्धारित प्राप्तियों को भी तुलनपत्र की तिथि को आय के रूप में प्रतिलेखन किया गया है। तीन वर्षों से अधिक की अवधि वाले चेक की देयता को आय के रूप में प्रतिलेखन किया गया है।

1.11.4. अन्य सभी आय/सेवा शुल्क संबंधित लेनदेन के समय दर्ज किए गए हैं।

1.12 समूह के फैक्टरिंग व्यवसाय के मामले में फैक्टरिंग प्रभार, कंपनी द्वारा निर्धारित लागू दरों पर ऋणों के फैक्टरिंग पर अर्जित किए जाते हैं। प्रसंस्करण शुल्क को आय के रूप में केवल तभी मान्यता दी जाती है जब दस्तावेजों के निष्पादन के बाद इसकी प्राप्ति की उचित निश्चितता हो। सुविधा निरंतरता शुल्क (एफसीएफ) की गणना की जाती है और सभी सक्रिय मानक खातों पर पूरे अगले वित्तीय वर्ष के लिए मई के महीने में प्रभारित किया जाता है। 01 मई की तारीख को एफसीएफ के संचय की तारीख के रूप में माना जाता है।

1.13 समूह जीवन बीमा व्यवसाय के मामले में, पॉलिसी धारकों से देय होने पर, असंबद्ध व्यवसाय प्रीमियम (सेवाकर को घटाने के बाद) को आय के रूप में लिया जाता है। संबद्ध व्यवसाय के मामले में, प्रीमियम आय का निर्धारण उससे जुड़ी यूनिट के आवंटन के समय किया जाता है। परिपर्ती बीमा उत्पादों (वीआईपी) के मामले में प्रीमियम आय को उस तारीख से आय के रूप में लिया जाता है, जिस तारीख से पॉलिसी मूल्य जमा किया जाता है। कालातीत पॉलिसियों को जब तक पुन: प्रवर्तित नहीं किया जाता, तब तक ऐसी पॉलिसियों के वसूल न किए गए प्रीमियम को हिसाब में नहीं लिया जाता है।

1.13.1. टॉप-अप प्रीमियम को एकल प्रीमियम के रूप मे समझा गया है।

1.13.2. संबद्ध निधियों से आय जिसमें निधि प्रबंधन प्रभार, पॉलिसी प्रबंधन प्रभार, मृत्यु प्रभार आदि शामिल हैं: पॉलिसी के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार संबद्ध निधि से वसूल किए गए हैं और वसूली होने पर शामिल किए गए हैं।

1.13.3. इक्विटी प्रतिभूतियों, म्यूचुअल फंडों की इकाइयों, इक्विटी एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों (ईटीएफ), इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) के संबंध में प्राप्त लाभ और हानि की गणना शुद्ध बिक्री आय और उनकी लागत के बीच के अंतर के रूप में की जाती है। ऋण प्रतिभूतियों के संबंध में, प्राप्त लाभ और हानियों की गणना शुद्ध बिक्री आय या मोचन आय और भारित औसत परिशोधित लागत के बीच के अंतर के रूप में की जाती है। इक्विटी शेयरों के संबंध में लागत, म्यूचुअल फंड इक्विटी एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट्स ट्रस्ट (आरईआईटी) की इकाइयों की गणना भारित औसत विधि का उपयोग करके की जाती है।

1.13.4. प्रतिभूतियाँ उधार देने और लेने की योजना के तहत इक्विटी शेयर उधार देने पर प्राप्त शुल्क को सीधी रेखा पद्धति के आधार पर उधार देने की अवधि के दौरान आय के रूप में माना जाता है।

1.13.5. पुनर्बीमा पर दिए गए प्रीमियम को पुन: बीमा संधि या पुन: बीमाकर्ता के साथ सैद्धांतिक व्यवस्था की शर्तों के अनुसार गिना जाता है।

1.13.6. दिए गए लाभ :

- जहां प्रयोज्य हो, दावा-व्यय में पॉलिसी लाभ एवं दावा निपटान व्यय शामिल होते हैं।
- मृत्यु और अनुवृद्धि से संबंधित दावों की सूचना प्राप्त होने पर उन्हें हिसाब में लिया जाता है। अवधि के अंत की सूचनाओं पर ऐसे दावों की गणना के लिए विचार किया जाता है।
- परिपक्वता से संबंधित दावों को पॉलिसी की परिपक्वता तिथि को हिसाब में लिया जाता है।
- उत्तरजीविता और वार्षिकी लाभों की गणना उस समय की जाती है, जब से देय होते हैं।
- अभ्यर्पणों एवं आहरण को सूचित किए जाने पर हिसाब में लिया जाता है। अभ्यर्पणों में व्यपगत पॉलिसियों पर देय राशि सम्मिलित होती है और इसे देय होने पर हिसाब में लिया जाता है। अभ्यर्पणों, आहरण और पॉलिसी व्यपगत होने पर प्रकटीकरण वसूली योग्य प्रभारों को घटाकर किया जाता है।

- न्यायिक प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत विवादित दावों का उनके द्वारा निराकरण करने पर प्रबंधन के विवेकानुसार इन दावों के संबंध में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करके निपटान करने के लिए प्रावधान किया गया है।
- पुनर्बीमाकर्ताओं से वसूल की जाने वाली राशियों को संबंधित दावों की अवधि के लिए हिसाब में लिया जाता है और उन्हें दावों से घटाया जाता है।

1.13.7. कमीशन जैसे अधिग्रहण खर्च, चिकित्सा शुल्क आदि ऐसे खर्च हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकृत बीमा संविदाओं के अधिग्रहण से संबंधित होते हैं और व्यय के समय ही इनका भुगतान कर दिया जाता है।

1.13.8. बीमा पॉलिसियों के लिए देयता: सभी जीवन बीमा पॉलिसियों के बीमांकिक देयता की गणना बीमा अधिनियम, 1938 के अनुसार नियुक्त बीमा आकलनकर्ता द्वारा और समय-समय पर आईआरडीएआई द्वारा जारी नियमों और विनियमों और परिपत्रों और भारतीय बीमांकिक संस्थान द्वारा जारी प्रासंगिक मार्गदर्शन नोट्स और / या बीमांकिक अभ्यास मानकों (एपीएस) के अनुसार की गई है।

1.13.9. भविष्य के विनियोजन के लिए धनराशि

गैर-संबद्ध व्यवसाय के संबंध के लिए, भविष्य के विनियोजन खाते के लिए निधियों में शेष राशि निधियों का प्रतिनिधित्व करती है, जिसका आवंटन या तो भाग लेने वाले पॉलिसीधारकों के लिए या शेयरधारकों के लिए किया गया है जो तुलन पत्र की तारीख में निर्धारित नहीं किया गया है। निधि में और उससे हस्तांतरण कंपनी के पॉलिसीधारकों के निधि में उत्पन्न होने वाली प्रत्येक लेखांकन अवधि में व्यय और विनियोग पर आय की अधिक या कमी को दर्शाता है। भागीदार पॉलिसियों के संबंध में पॉलिसीधारक को किसी भी आवंटन से आवश्यक अनुपात में शेयरधारकों के हस्तांतरण में वृद्धि होगी।

यूनिट-लिंक्ड निधियों में भविष्य के विनियोजन के लिए उपलब्ध निधि, अधिशेष का प्रतिनिधित्व करता है जो कि व्यपगत पॉलिसी से उत्पन्न हुआ है, जिन्हें पुनर्जीवित करने की संभावना नहीं है। इस सरप्लस को पॉलिसीधारकों के फंड में तब तक रखना आवश्यक है जब तक कि पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसी को पुनर्जीवित नहीं कर सकते।

1.14 समूह साधारण बीमा व्यवसाय के मामले में स्वीकृत पुनर्बीमा (माल एवं सेवा कर घटाने के बाद) सहित प्रीमियम को जोखिम प्रारंभ होने की तिथि से बही में दर्ज किया जाता है। यदि प्रीमियम को किस्तों में वसूल किया जाता है, तो देय किस्त की सीमा तक की राशि को किस्त की देय तिथि पर दर्ज किया जाता है। प्रत्यक्ष व्यवसाय और स्वीकृत पुनर्बीमा पर प्राप्त प्रीमियम (पुनर्नियोजन प्रीमियम सहित) की सेवा कर घटाने के बाद 1/365 पद्धति के अनुसार सकल आधार पर संविदा अवधि या जोखिम अवधि, जो भी उपयुक्त हो, में आय के रूप में दिखाया गया है। लेबी अवधि की मोटर बीमा पॉलिसियों के मामले में, आईआरडीएआई द्वारा प्रीमियम को वार्षिक आधार पर मान्यता दी जाती हैं। प्रीमियम में कोई भी पुनरीक्षण होने पर वह जोखिम की बकाया अवधि या संविदा अवधि हेतु वही मान्य रहती है। पॉलिसियों के रद्द होने से प्रीमियम आय में होने वाले समायोजनों को उस अवधि में दिखाया गया है जिसमें वह रद्द की गई है।

1.14.1. बंद किए गए पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन को उस अविध में आय के रूप में दिखाया गया है जिस अवधि में पुनर्बीमा जोखिम बंद की गई है। पुनर्बीमा संधियों के अंतर्गत लाभ कमीशन, जहां कहीं लागू हो, को लाभ के अंतिम निर्धारण वाले वर्ष में आय के रूप में दिखाया गया है, जिस प्रकार पुनर्बीमाकर्ता द्वारा सूचित किया गया है और उसे बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन के साथ रखा गया है।

पुनर्बीमा संधियों के तहत स्लाइडिंग स्केल कमीशन, जहां भी लागू हो, को पुनर्बीमा संधि शर्तों के अनुसार आय के रूप में मान्यता दी जाती है, जैसा कि पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा पुष्टि की गई है और पुनर्बीमा पर कमीशन के साथ संयुक्त है।

1.14.2. बंद की गई आनुपातिक पुनर्बीमा पॉलिसी के संबंध में, बंद की गई पुनर्बीमा पॉलिसी की लागत, संविदा अवधि या जोखिम की अवधि पर जोखिम के प्रारंभ पर आरंभ होती है। गैर-आनुपातिक पुनर्बीमा लागत को देय होने के समय दिखाया गया है। गैर-आनुपातिक पुनर्बीमा व्यवस के अनुसार हिसाब लिया गया है। अन्य कोई अनुवर्ती संशोधन होने पर, प्रीमियमों को वापस या निरस्त करने को उस अवधि में दिखाया गया है जिसमें वह देय होता है।

1.14.3. पुनर्बीमा प्राप्य स्वीकृतियों को बीमाकर्ताओं से वापस प्राप्य लाभ के आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

1.14.4. अधिग्रहण लागत जैसे कमीशन, पॉलिसी निर्गम व्यय आदि ऐसी लागत हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकरण व्यवसाय संविदाओं के अधिग्रहण से संबंधित हैं और उस अवधि में व्यय की गई है जिस अवधि के लिए वह हुई हैं। अधिग्रहण लागत निर्धारण मुख्यतया लागत और बीमा संविदाओं के निष्पादन (अर्थात जोखिम की शुरूआत) के आधार पर किया जाता है। अधिग्रहण लागत के रूप में निर्धारण के लिए प्राथमिक परीक्षण लागत और बीमा अनुबंधों के निष्पादन (यानी जोखिम की शुरुआत) के बीच अनिवार्य संबंध है। लंबी अवधि की मोटर बीमा पॉलिसियों के मामले में कमीशन **IRDAI** द्वारा अनिवार्य के रूप में वर्ष के लिए आवंटित प्रीमियम पर लागू दरों पर खर्च किया जाता है।

1.14.5. अग्रिम रूप से प्राप्त प्रीमियम जो जोखिम की शुरुआत से पहले प्राप्त प्रीमियम का होता है, उसे वित्तीय विवरणों में 'अन्य देनदारियों और प्रावधान' शीर्षक के तहत अलग से दिखाया जाता है और जोखिम शुरू होने की तारीख को आय के रूप में दर्ज किया जाता है।

अनपेक्षित जोखिम के लिए रिजर्व, लिखित शुद्ध प्रीमियम का वह हिस्सा है (यानी, पुनर्बीमा का प्रीमियम शुद्ध) जो अनुबंध अवधि के आधार पर या जोखिम अवधि के आधार पर सफल लेखा अवधि के लिए जिम्मेदार है और आवंटित किया जाना है, जो भी उपयुक्त हो। आईआरडीएआई इस तरह के रिज़र्व की गणना 1/365 आधार के तहत आनुपातिक आधार पर की जाती है, जो परिपत्र संख्या आईआरडीए / एफएंडए / सीआईआर / सीपीएम / 056/ 03/ 2016 दिनांक 4 अप्रैल 2016 के अनुसार न्यूनतम आरक्षित आवश्यकताओं के अधीन है।

1.14.6. यदि लेखा अवधि के अंत में असमाप्त जोखिमों के संबंध में अपेक्षित शुद्ध दावा लागतों की अंतिम राशि (बीमा आकननकर्ता द्वारा परिकलित और प्रमाणित), संबंधित व्यय और रखरखाव लागत (दावा प्रबंधन से संबंधित) संबंधित प्रीमियम के योग से अधिक है तो उसे बाद की लेखा अवधि के लिए असमाप्त जोखिम के लिए आरक्षित निधि के रूप में प्रीमियम की कमी के रूप में मान्यता दी जाती है।

प्रीमियम की कमी की गणना वार्षिक आधार पर और कंपनी स्तर पर की जाती है।

1.14.7. नुकसान की सूचना मिलने पर दावा माना जाता है। दावे को नुकसान होने की सूचना प्राप्त होने पर उपलब्ध सूचना और विगत अनुभव के आधार पर प्रबंधन द्वारा यथा अनुमानित देय दावा राशि के लिए प्रावधान करके हिसाब लगाया जाता है। इस तरह के प्रावधान की समीक्षा/संशोधन जरूरी होने पर अतिरिक्त जानकारी के आधार पर की जाती है। पुनर्बीमा और सह-बीमा व्यवस्था की शर्तों के तहत पुन: बीमाकर्ताओं/सह-बीमाकर्ताओं से प्राप्त/प्राप्य राशियों को क्रमशः दावे की मान्यता के साथ मान्यता दी जाती है। तुलन पत्र की तिथि पर देय बकाया दावों का प्रावधान प्रबंधन द्वारा अनुमानित पुनर्बीमा, बचाव मूल्य और अन्य वसूलियों का निवल है। भुगतान किए गए दावे (बीमाधारक द्वारा बनाए गए बचाव के मूल्य और दावों पर भुगतान किए गए ब्याज, यदि कोई हो, सहित वसूलियों का निवल) भुगतान के लिए अनुमोदित होने पर लाभ और हानि खाते से शुल्क लिया जाता है। जहां कंपनी द्वारा निस्तारण का अधिग्रहण किया जाता है, ऐसे बिक्री के समय बचाव की बिक्री से वसूली को मान्यता दी जाती है।

1.14.8. लेखा वर्ष के अंत से पहले दावे देयताओं के संबंध में हो सकने वाले प्रावधान, लेकिन जो कि:

- अभी तक रिपोर्ट या दावा नहीं किया गया (आईबीएनआर) या

- पर्याप्त रूप से रिपोर्ट नहीं की गई अर्थात संभावित दावा राशि (आईबीएनईआर) का उचित अनुमान लगाने के लिए अपर्याप्त जानकारी के साथ रिपोर्ट की गई।

इंस्टिट्यूट ऑफ एक्चुअरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए बीमांकिक अभ्यास मानकों और मार्गदर्शन नोट्स और आईआरडीएआई के नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार बीमांकिक सिद्धांतों के आधार पर नियुक्त बीमांकक द्वारा निर्धारित राशि के अनुसार प्रावधान किया गया है।

1.15 समूह अभिरक्षा और निधि लेखा सेवाओं के मामले में आय (माल और सेवा कर घटाकर) को तभी मान्यता दी जाती है जब इसे विश्वसनीय रूप से आकलन किया जा सके और यह संभावना है कि आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे। अभिरक्षा शुल्क, निधि लेखा शुल्क और संदर्भ शुल्क को करार की शर्तों के अनुसार उपचय के आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

1.16 समूह के पेंशन निधि व्यवसाय के मामले में प्रबंधन शुल्क को संबंधित योजनाओं के साथ सहमत विशिष्ट दरों पर मान्यता दी जाती है, जो प्रत्येक योजना की दैनिक बकाया परिसंपत्तियों पर लागू होती है और यह पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप है। प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) बिजनेस यानी खाता खोलने की फीस और योगदान प्रसंस्करण शुल्क से कमीशन आय को ग्राहकों से प्राप्त योगदान और स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन) के सृजन के आधार पर मान्यता दी जाती है। कंपनी लाभ और हानि खाते में माल और सेवा कर का शुद्ध राजस्व प्रस्तुत करती है।

1.17 समूह ट्रस्टीशिप व्यवसाय के मामले में, म्यूचुअल फंड ट्रस्टीशिप फीस का निर्धारण संबंधित योजनाओं के लिए सहमत की गई विशिष्ट दरों पर किया गया है और प्रत्येक योजना की औसत दैनिक आस्तियों के आधार पर लागू की गई है (अंतर योजना निवेश, स्थायी जमाराशियों में निवेश, आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा किए गए निवेश और आस्थगित राजस्व व्यय, जहां कहीं लागू हो, को छोड़कर), तथा सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई सीमाओं के अनुरूप है।

1.17.1. कॉरपोरेट ट्रस्टीशिप स्वीकृति शुल्क को ट्रस्टीशिप असाइनमेंट की स्वीकृति या निष्पादन, जो भी पहले हो, पर मान्यता दी जाती है। कॉरपोरेट ट्रस्टीशिप सेवा प्रभार को ग्राहकों के साथ किए गए ट्रस्टीशिप अनुबंधों/समझौते की शर्तों के आधार पर मान्यता दी जाती है।

1.17.2. ऑनलाइन ''वसीयत'' सेवाओं से प्राप्त आय का निर्धारण तब किया जाता है जब शुल्क प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है, इसलिए ऐसे आय निर्धारणों की निश्चितता इस समय ऐसे अधिकार प्राप्त होने पर हो जाती है।

1.18 समूह के मर्चेंट एक्वायरिंग बिजनेस के मामले में आय की गणना को छूट, जीएसटी और अन्य लागू करों को छोड़कर प्रदान की गई सेवाओं के लिए प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के आधार पर मापा जाता है और सेवाओं के प्रदर्शन के आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

1.18.1. पीओएस लगाने से होने वाले राजस्व को या तो सेवा प्रदान करने की अवधि के दौरान या अनुबंधों में निर्दिष्ट दरों और शर्तों के अनुसार अवधि के दौरान संसाधित किए गए लेनदेन की संख्या के आधार पर हिसाब में लिया जाता है। व्यापारी द्वारा अनुबंध शर्तों के आधार पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर), मासिक किराए और प्रतिबद्धता शुल्क के लिए भुगतान किया जाता है और इसे परिचालन से हुई आय माना जाता है।

1.18.2. रखरखाव परिनियोजन अनुबंध के कारण प्राप्त आय जो उपचित नहीं की जा सकी को आस्थगित आय के रूप में रखा जाता है तथा राजस्व मान्यता मानदंड पूरे होने तक देनदारियों में शामिल किया जाता है। वह उपचित आय जिसका बिल नहीं हुआ है, उन्हें संविदा की शर्तों के अनुसार किए गए कार्य पर मान्यताप्राप्त राजस्व के रूप में गिना जाता है लेकिन बाद की अवधि में इसका बिल होती है।

1.18.3. राजस्व को उस हद तक मान्यता दी जाती है, जहां तक यह संभव है कि आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे, और राजस्व को विश्वस्त रूप से मापा जा सकता है।

2. निवेश :

निवेश वर्गीकरण और मूल्यांकन पर आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों को हिसाब में निम्नानुसार लिया जाता है:

2.1 वर्गीकरण :

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है अर्थात् "परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)", "विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस)" और "व्यवसाय के लिए धारित" (एचएफटी)।

तुलनपत्र में प्रकटीकरण के उद्देश्य से निवेशों का वर्गीकरण भारत में और भारत के बाहर के निवेश के रूप में किया गया है।

- प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत निवेशों का पुनः वर्गीकरण (i) सरकारी प्रतिभूतियाँ, (ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ, (iii) शेयर, (iv) बॉन्ड एवं डिबेंचर, (v) अनुषंगियाँ एवं संयुक्त उद्यम और (vi) अन्य के रूप में किया गया है। 'भारत के बाहर के निवेशों' को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- (i) सरकारी प्रतिभूतियाँ, (ii) विदेश स्थित अनुषंगियाँ एवं संयुक्त उद्यम और (iii) अन्य निवेश।

2.2 वर्गीकरण का आधार :

i. बैंक जिन निवेशों को परिपक्वता तक रखना चाहता है, उन्हें "परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

ii. जिन निवेशों को सिद्धांततः क्रय तिथि से 90 दिनों के भीतर पुनर्विक्रय हेतु रखा गया है, उन्हें "व्यवसाय के लिए रखे गए (एचएफटी)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iii. जिन निवेशों को उपर्युक्त दो श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया गया है, उन्हें "विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iv. किसी निवेश को इसके क्रय के समय "परिपक्वता तक धारित", "विक्रय के लिए उपलब्ध" या "व्यवसाय के लिए रखे गए" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उसके पश्चात श्रेणियों में परिवर्तन विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया है।

v. जिन निवेशों को बाद में विक्रय के उद्देश्य से ही खरीदा और रखा जाता है, उनको छोड़कर अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों में किए गए निवेशों को परिपक्वता तक धारित निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसे निवेशों को "विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस)" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

2.3 मूल्यांकन:

i. सभी प्रतिभूतियों के लेनदेन को निपटान की तिथि पर दर्ज किया जाता है। एसबीआई द्वारा एचएफटी एवं एएफएस श्रेणी के अंतर्गत निवेश लागत का निर्धारण समूह इकाईयों द्वारा भारित औसत लागत पद्धति द्वारा किया जाता है तथा 'परिपक्वता तक धारित' निवेश को 'पहले आओ पहले जाओ' आधार पर निर्धारित किया जाता है अन्य समूह इकाईयों द्वारा इसे भारित औसत लागत पद्धति द्वारा निर्धारित किया जाता है।

(क) सब्सक्रिप्शन पर प्राप्त दलाली/कमीशन को लागत में से घटा दिया जाता है। निवेश के अधिग्रहण के संबंध में प्रदत्त दलाली, कमीशन, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) आदि को उसी समय के व्यय में शामिल कर लिया गया है और इन्हें लागत में शामिल नहीं किया गया है।

(ख) ऋण लिखतों पर खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय माना गया है और इन्हें लागत/विक्रय-प्रतिफल में शामिल नहीं किया गया है।

ii. **'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के रूप में वर्गीकृत निवेशों का मूल्यांकन:**

क) "परिपक्वता तक धारित" श्रेणी के निवेशों की गणना अधिग्रहण लागत में की जाती है। अधिग्रहण पर प्रदत्त कमीशन, अगर

कोई, का परिशोधन नियत आय आधार पर परिपक्वता अवधि के लिए किया गया है। ऐसे प्रीमियम के परिशोधन को "निवेश पर आय" शीर्ष के अंतर्गत हिसाब में लिया गया है।

(ख) प्रत्येक निवेश के मामले में अस्थायी से इतर कमी की पूर्ति के लिए अलग अलग प्रावधान किया गया है।

(ग) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश को आईसीएआई के एएस 23 के अनुसार इक्विटी लागत आधार पर मूल्यांकित किया गया है।

iii. **विक्रय के लिए उपलब्ध तथा व्यवसाय के लिए धारित श्रेणियाँ:**

विक्रय हेतु उपलब्ध (एएफएस) एवं व्यवसाय के लिए धारित (एचएफटी) श्रेणियों के तहत रखे गए निवेशों को विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित बाजार मूल्य या उचित मूल्य के अनुसार पुनर्मूल्यन किया गया है और प्रत्येक श्रेणी से संबद्ध प्रत्येक समूह (जैसे (i) सरकारी प्रतिभूतियाँ (ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ (iii) शेयर iv) बॉन्ड एवं ऋणपत्र v) अनुषंगी एवं संयुक्त उद्यम (vi) अन्य) के लिए सिर्फ निवल मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है और निवल मूल्यवृद्धि को लेखे में नहीं लिया गया है।

iv. **निवेशों का अंतर-श्रेणी अंतर होने पर मूल्यांकन नीति:**

क) जब एचटीएफ/एएफएस श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में प्रतिभूतियों का अंतरण किया जाता है तो उसे अंतरण की तिथि को अभिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य के न्यूनतम मूल्य पर किया जाता है। ऐसे अंतरण पर मूल्यह्रास, यदि कोई होने पर, उसके लिए पूर्ण प्रावधान किया जाता है।

ख) एचटीएम श्रेणी से एएफएस श्रेणी में प्रतिभूतियों का अंतरण अभिग्रहण मूल्य/बही मूल्य पर किया जाता है। अंतरण के तुरंत बाद इन प्रतिभूतियों का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और परिणामी मूल्यह्रास के लिए लाभ और हानि खाते में प्रावधान किया जाता है।

v. **प्रतिभूति रसीदों पर प्रतिभूतिकरण कंपनी(एससी) /आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) को अनर्जक आस्तियां (वित्तीय आस्तियां) बेचे जाने के मामले में मूल्यांकन:**

क) प्रतिभूति रसीद में निवेश को एससी/आरसी को एनपीए बिक्री के आधार पर प्राप्त किया जाता है, तथा इसे i) वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य (बही मूल्य में से प्रावधान घटाकर) ii) प्रतिभूति रसीद के मोचन मूल्य, दोनों में जो भी कम हो, को हिसाब में लिया जाता है।

ख) प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यांकन गैर-एसएलआर लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, जिन मामलों में प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का परिशोधन संबंधित योजना के लिखतों के लिए आबंटित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली के अनुसार किया गया है, उन मामलों में आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी से प्राप्त निवल आस्ति मूल्य की गणना ऐसे निवेशों के मूल्यन के लिए की गई है।

vi) ट्रेजरी बिलों और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्यांकन रखाव लागत आधार पर किया गया है।

2.4 निवेश (एनपीआई)

i. घरेलू कार्यालयों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर निवेश को अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में विभाजित किया गया है:

(क) ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए बकाया है।

(ख) इक्विटी शेयरों के मामले में, जहाँ अद्यतन तुलनपत्र की अनुपलब्धता के कारण किसी कंपनी के शेयरों का मूल्यांकन ₹1/- प्रति कंपनी किया गया है, वहाँ ऐसे इक्विटी शेयरों को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

(ग) यदि इकाई द्वारा ली गई कोई ऋण-सुविधा बैंक-बही में अनर्जक आस्ति हो गई हो, तो ऐसी स्थिति में उसी इकाई/जारीकर्ता द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में निवेश को अनर्जक निवेश माना जाएगा। उपर्युक्त नियम आवश्यक परिवर्तनों के साथ उन अधिमानी शेयरों पर भी लागू होगा, जहाँ नियत लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है।

(घ) ऐसे डिबेंचरों/ बॉन्डों में निवेश, जिसे अग्रिम माना गया है, पर भी अनर्जक निवेश के वही एनपीआई मानदंड लागू होंगे जो निवेश पर लागू होते हैं।

ii. विदेश स्थित कार्यालयों के मामले में अनर्जक निवेश हेतु वर्गीकरण एवं प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों, इनमें से जो अधिक सख्त हों, के अनुसार किया गया है।

2.5 रेपो/रिवर्स रिपो लेनदेन के लिए लेखांकन:

बैंक, चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक एवं मार्केट पार्टिसिपेंट्स के साथ पुनर्खरीद / प्रतिवर्ती पुनर्खरीद लेनदेन करता है। पुनर्खरीद लेनदेन का अर्थ है लेन-देन प्रतिभूतियों को पुनर्खरीद करने के समझौते के साथ प्रतिभूतियों को बेचकर उधार लेना। दूसरी तरफ, रिवर्स रेपो लेनदेन का अर्थ है प्रतिभूतियों को खरीद कर धनराशि उधार देना।

(क) चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ के लेनदेनों को संपार्श्विक उधार देने एवं उधार लेने के लेनदेन के रूप में हिसाब में लिया गया है।

(ख) मार्केट रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों में बेची गई (खरीदी गई) एवं पुनः खरीदी गई (पुनः बेची गई) प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त विक्रय (क्रय) लेनदेन के रूप में हिसाब में लिया गया है और प्रतिभूतियों की ऐसी आवाजही को रिपो/रिवर्स रिपो खातों एवं दुतरफा प्रविष्टियों का उपयोग करके दर्शाया गया है। इन प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को रिवर्स कर दिया जाता है।

(ग) रेपो खाते की शेष राशि को अनुसूची - 4 (उधार-राशियाँ) के तहत वर्गीकृत किया गया है ।

(घ) रिवर्स रेपो खाते में 14 दिनों या उससे कम की मूल अवधि के साथ अनुसूची 7 (बैंकों के पास बकाया तथा मांग तथा अल्प सूचना पर प्राय राशि) के तहत वर्गीकृत किया गया है। 14 दिनों से अधिक लेकिन 1 वर्ष तक की मूल परिपक्वता वाले रिवर्स रेपो को अनुसूची 9 (अग्रिम) के तहत नकद क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकाने योग्य ऋण के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी रिवर्स रेपो को अनुसूची 9 (अग्रिम) के तहत सावधि ऋण के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

(ङ) भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा अन्य के पास रेपो लेनदेन की उधार लेने की लागत एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों पर आय को क्रमशः ब्याज व्यय एवं ब्याज आय के रूप में हिसाब में लिया गया है।

2.6 जीवन और सामान्य बीमा सहायक कंपनियों के मामले में, निवेश की गणना, बीमा अधिनियम 1938, आईआरडीएआई (निवेश) विनियम, 2016 और आईआरडीए (वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति और बीमा कंपनियों की लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) विनियम, 2002, की निवेश नीति, आईआरडीएआई द्वारा समय-समय पर जारी कंपनी और विभिन्न अन्य परिपत्र / अधिसूचनाएं के अनुसार किया जाता है।

(i) गैर-संबद्ध बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :

- सरकारी प्रतिभूतियों एवं मनी मार्केट सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों का अवधिगत लागत के आधार पर प्रीमियम के परिशोधन के अध्यधीन उल्लेख किया गया है।
- सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों का तुलनपत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया गया है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, मुंबई (बीएसई) पर बाजार बंद होने के समय उपचय आखिरी मूल्य में से निचले मूल्य को शामिल किया जाता है। अगर एनएसई बाज़ार बंद मूल्य उपलब्ध नहीं हे तो, द्वितीयक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड (बीएसई) का मूल्य लिया जाता है।
- असूचीबद्ध इक्विटी प्रतिभूतियों, इक्विटी संबंधित लिखतों और अधिमानी शेयरों का आकलन अवधिगत लागत आधार पर किया जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने (एसएलबी) के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन यथा उल्लिखित इक्विटी शेयरों की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार किया जाता है।
- आईआरडीएआई द्वारा यथा निर्दिष्ट 'इक्विटी' के तहत वर्गीकृत अतिरिक्त टियर-I (बेसल-III अनुपालक) बेमियादी बॉन्ड का मूल्यांकन क्रिसिल से प्राप्त मूल्य के आधार पर किया जाता है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में निवेश का जीवन बीमा में पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर और साधारण बीमा में तुलनपत्र की तारीख को मूल्यांकन किया जाता है।
- वैकल्पिक निवेश निधियों में निवेश का मूल्यांकन नवीनतम उपलब्ध एनएवी के आधार किया जाता है।
- आरईआईटी/इनविट यूनिट में निवेश का बाजार मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है (अंतिम उद्धृत मूल्य 30 दिनों के बाद का नहीं होना चाहिए)। बाजार मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राथमिक एक्सचेंज यानी एनएसई पर समापन मूल्य पर विचार किया जाता है। अगर एनएसई बंद भाव किसी प्रतिभूति के लिए उपलब्ध नहीं है, तो मूल्यांकन के लिए बीएसई बंद भाव का इस्तेमाल किया जाता है। जहां पिछले 30 दिनों के लिए बाजार भाव उपलब्ध नहीं है, यूनिटों का मूल्यांकन ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित इकाइयों के नवीनतम एनएवी (6 महीने से अधिक पुराना नहीं) के अनुसार किया जाता है।

  शेयरधारकों के निवेशों और गैर-संबद्ध पॉलिसी धारकों के निवेशों के संबंध में सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों, एआईएफ एवं आरईआईटी/इनविट की यूनिट के उचित मूल्य में परिविर्तन के कारण होने वाले वसूल नहीं हुए लाभ या हानियों को तुलनपत्र में क्रमश: ''आय और अन्य आरक्षितियां (अनुसूची 2)'' में और ''बीमा व्यवसाय में पॉलिसी धारकों से संबंधित देयताएं (अनुसूची 5)'' में शामिल किए गए हैं।

(ii) संबद्ध व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन:

- एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रेडिट रेटिंग इन्फोर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है। एक वर्ष या उससे कम की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी और अन्य ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन परिपक्वता आय के आधार पर किया जाता है तथा जहां पर आय की गणना क्रिसिल द्वारा प्रतिभूति को अल्पावधि वर्गीकृत करने के दिन पर उपलब्ध कराए गए बाज़ार मूल्य पर किया जाता है। अगर प्रतिभूति को उसकी अल्पावधि समय के दौरान खरीदा गया है तो उसका मूल्यांकन परिपक्वता पर आय पद्धति

का प्रयोग कर परिशोधित लागत पर किया जाता है। ऑप्शन विकल्प वाली प्रतिभूतियों के मामले में, इस प्रयोजन हेतु सबसे पहली कॉल ऑप्शन/पुट ऑप्शन वाली तारीख को परिपक्वता तारीख माना जाएगा। मनी मार्केट प्रतिभूतियों का परंपरागत लागत पर मूल्यांकन किया जाता है बशर्ते कि प्रीमियम का परिशोधन या आय पर छूट की वृद्धि परिपक्वतवा आधार पर आय से हो।

- सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों का तुलनपत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया जाता है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, मुंबई (बीएसई) पर बाजार बंद होने के समय उपचय आखिरी मूल्य में से निचले मूल्य को शामिल किया जाता है। अगर एनएसई बाज़ार बंद मूल्य उपलब्ध नहीं हे तो, द्वितीयक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड (बीएसई) का मूल्य लिया जाता है।
- असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों, इक्विटी संबद्ध लिखत एवं अधिमानी शेयर को परंपरागत लागत आधार पर मापा जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन नीति के अनुसार किया जाता है जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है।
- आईआरडीए द्वारा यथा निर्दिष्ट `इक्विटी' के तहत वर्गीकृत अतिरिक्त टियर-I (बेसल-III अनुपालक) बेमियादी बॉन्ड का मूल्यांकन क्रिसिल से प्राप्त मूल्य के आधार पर किया जाता है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में किए गए निवेशों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर किया जाता है।।
- आरईआईटी/इनविट की इकाइयों में निवेश का बाजार मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है (अंतिम उद्धृत मूल्य 30 दिनों के बाद का नहीं होना चाहिए)। बाजार मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राथमिक एक्सचेंज यानी एनएसई पर समापन मूल्य पर विचार किया जाता है। अगर एनएसई बंद भाव किसी सिक्योरिटी के लिए उपलब्ध नहीं है, तो मूल्यांकन के लिए बीएसई बंद भाव का इस्तेमाल किया जाता है। जहां पिछले 30 दिनों के लिए बाजार भाव उपलब्ध नहीं है, यूनिटों का मूल्यांकन ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित इकाइयों के नवीनतम एनएवी (6 महीने से अधिक पुराना नहीं) के अनुसार किया जाता है।
- उचित मूल्य में परिवर्तनों के कारण होने वाले वसूल नहीं हुए लाभों या हानियों को लाभ एवं हानि खाते में दिखाया जाता है।

3. ऋण/अग्रिम और उन पर प्रावधान: :

3.1 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों/निदेशों के आधार पर ऋणों और अग्रिमों का वर्गीकरण निम्नानुसार अर्जक और अनर्जक के रूप में किया गया है:

i. अगर ब्याज और/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय रहती है; तो सावधि ऋण को अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

ii. ओवरड्राफ्ट या नकदी-ऋण अग्रिम के संबंध में खाता "असंगत" ("आउट ऑफ आर्डर)" रहने अर्थात् बकाया शेष राशि लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए संस्वीकृत सीमा/आहरण अधिकार से अधिक हो जाने या तुलनपत्र की तिथि तक लगातार 90 दिनों तक किसी भी राशि को जमा नहीं किए जाने अथवा ये जमाराशियाँ उसी अवधि के दौरान देय ब्याज का भुगतान करने के लिए अपर्याप्त होने पर इन्हें अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है;

iii. क्रय किए गए/बट्टाकृत बिलों के संबंध में, बिल 90 दिनों की अवधि से अधिक अतिदेय रहने पर उन्हें अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है;

iv. कृषि अग्रिमों के मामले में यदि (क) अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन की किस्त या ब्याज दो फसल-मौसमों के लिए अतिदेय रहते हैं एवं (ख) दीर्घावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन या ब्याज एक फसल मौसम के लिए अतिदेय रहते हैं, उन्हें अनर्जक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

3.2 अनर्जक अग्रिमों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अवमानक, संदिग्ध और हानिप्रद आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है:

i. अवमानक : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों या उससे कम अवधि के लिए अनर्जक है।

ii. संदिग्ध : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों की अवधि के लिए अवमानक रही है।

iii. हानिप्रद : कोई ऋण आस्ति, जिसमें हानि की पहचान की गई है, किंतु उस राशि को पूर्णतया बट्टे खाते नहीं डाला गया है।

3.3 विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान किए गए हैं और ये निम्नलिखित न्यूनतम प्रावधान मानदंड के अधीन हैं:

अवमानक आस्तियाँ :	i. कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान
	ii. प्रारंभ से ही अप्रतिभूत ऋण जोखिमों के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान (जहाँ प्रतिभूति की वसूली - मूल्य प्रारंभ से ही 10% से अधिक नहीं है)
	iii. इन्फ्रास्ट्रक्चर अग्रिम खातों, जहाँ निलंब खाते आदि जैसे कुछ बचाव उपाय उपलब्ध हैं, से संबंधित प्रतिभूति-रहित ऋण जोखिम - 20 %

संदिग्ध आस्तियां : - प्रतिभूत हिस्सा	एक वर्ष तक - 25% एक से तीन वर्ष - 40% तीन वर्ष से अधिक- 100%
अप्रतिभूत हिस्सा	100%
हानिप्रद आस्तियां :	100%

3.4 विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में, ऋण एवं अग्रिमों का वर्गीकरण एवं अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों इनमें से जो अधिक सख्त हों, के अनुसार किया गया है।

3.5 अग्रिमों में से विशिष्ट ऋण पर हानियों के लिए किए गए प्रावधानों, अप्राप्त ब्याज, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के प्राप्त दावों और बट्टाकृत बिलों को घटा दिया गया है।

3.6 पुनर्रचित/पुन: निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जिसके अनुरूप संबंधित ऋणों/अग्रिमों के लिए प्रावधान के अलावा पुनर्रचना के पहले एवं बाद ऋण/अग्रिम के उचित मूल्य के अंतर के लिए भी प्रावधान किया जाता है। उपरोक्त मामलों में अंकित मूल्य में कमी एवं छोड़ दिए गए ब्याज के लिए यदि कोई अतिरिक्त प्रावधान किया जाता है, तो वह राशि अग्रिम से घटा दी जाती है।

3.7 अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, विनियामकों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप होने पर ही किसी खाते को अर्जक खाते के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है।

3.8 पूर्ववर्ती वर्षो में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सापेक्ष वसूली गई राशि का निर्धारण वसूल किए गए वर्ष में आय के रूप में किया गया है।

3.9 अनर्जक आस्तियों पर विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त मानक आस्तियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं। ये प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएँ और प्रावधान- अन्य" शीर्ष के अंतर्गत दिए गए हैं एवं निवल अनर्जक आस्तियों का निर्णय करने के लिए इनको संज्ञान में नहीं लिया जाता है।

3.10 बैंक द्वारा विशिष्ट गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और परिसंपत्तियों पर अतिरिक्त प्रावधान भी किया जाता है।

3.11 अनर्जक आस्तियों में वसूली का समायोजन निम्नलिखित प्राथमिकता के अनुसार किया जाता है:

क. प्रभार, लागत, कमीशन आदि

ख. अप्राप्त ब्याज/ब्याज

ग. मूलधन

तथापि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जरिए समझौता एवं समाधान/निपटान के मामलों में वसूलियों का समायोजन संबंधित समझौता/समाधान/निपटान की शर्तों के अनुसार किया जाता है। वाद दायर किए गए खातों में वसूली का समायोजन संबंधित न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

4. अस्थिर प्रावधान एवं प्रतिचक्रीय (काउंटर साइक्लिकल) प्रावधान बफर :

बैंक में अग्रिमों, निवेश तथा सामान्य प्रयोजनों हेतु अच्छे समय में प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर तथा अस्थायी प्रावधानों के सृजन एवं उपयोग की नीति विद्यमान है। सृजन किए जाने वाले इन अस्थायी प्रावधान एवं प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर की मात्रा का निर्धारण वित्त वर्ष के अंत में किया जाता है। प्रतिचक्रीय प्रावधानों का प्रयोग केवल नीति में निर्दिष्ट असाधारण परिस्थितियों में, भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति से किया जाता है।

5. बैंकिंग इकाईयों के लिए देशवार ऋण-जोखिम के लिए प्रावधान:

आस्ति वर्गीकरण की स्थिति के अनुरूप किए गए विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त पृथक देशवार ऋण जोखिम (निजी देश के अलावा) के लिए प्रावधान किए गए हैं। इन देशों का वर्गीकरण सात जोखिम श्रेणियों यथा - नगण्य, कम, सामान्य, अधिक, अत्यधिक, प्रतिबंधित एवं ऋण में शामिल न होने वाले वर्गों में किया गया है तथा यह प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि प्रत्येक देश से संबंधित बैंक का देशवार ऋण जोखिम (निवल) कुल निधिक आस्तियों के 1% से अधिक नहीं होता है, तो ऐसे देशवार ऋण जोखिम पर कोई प्रावधान नहीं रखा जाता है। इस प्रावधान को तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएं और प्रावधान - अन्य" शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया गया है।

6. डेरीवेटिव्स:

6.1 विदेशी मुद्रा ऑप्शन, ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, पारस्परिक मुद्रा ब्याज दर स्वैप और तुलनपत्र से बाहर/बैलेंस शीट से इतर परिसंपत्तियों और देनदारियों को हेज करने के लिए या व्यापारिक उद्देश्यों के लिए बैंक द्वारा डेरिवेटिव करार किया जाता है। तुलनपत्र की आस्तियों और देयताओं के लिए हेजिंग करने के प्रयोजन से निष्पादित की जाने वाली विनिमय संविदाएं इस प्रकार तैयार की जाती हैं कि तुलनपत्र की अंतर्निहित मदों का प्रभाव प्रतिकूल और प्रति संतुलनकारी हो। इन डेरीवेटिव लिखतों का प्रभाव अंतर्निहित आस्तियों के क्रय-विक्रय पर निर्भर करता है और इसे हेजिंग लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है।

6.2 हेज के रूप में वर्गीकृत डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट्स को संचय के आधार पर दर्ज किया गया है। हेज कॉन्ट्रेक्ट्स की गणना तब तक बाजार के बही मूल्य के अनुसार नहीं की जाती, जब तक कि अंतर्निहित आस्तियाँ/देयताएं बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित न की गई हों।

6.3 उपर्युक्त के सिवाय, सभी अन्य डेरीवेटिव संविदाएं उद्योग में प्रचलित सामान्यतया मान्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित की गई है। बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित डेरीवेटिव संविदाओं के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को परिवर्तन की अवधि में लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। डेरीवेटिव संविदाओं के अंतर्गत प्राप्य राशि, जो 90 दिनों से अधिक समय के लिए अतिदेय रहती है, को लाभ और हानि खाते से

"उचंती खाता - क्रिस्टलाइज्ड रिसीवेबल्स" में प्रतिवर्तित किया गया है। ऐसे मामलों में जहां डेरिवेटिव संविदाएं भविष्य में और अधिक निपटान के अवसर प्रदान करती हैं और यदि ये डेरिवेटिव संविदा के अतिदेय प्राप्य राशियाँ 90 दिनों से अधिक समय तक अदत्त रहने के कारण समाप्त न हो गई हो, तो भावी आगमों से संबंधित सकारात्मक एमटीएम को भी लाभ और हानि खाते से "उचंती खाता - पॉजिटिव एमटीएम" में प्रतिवर्तित किया जाता है।

6.4 संदत्त या प्राप्त ऑप्शन प्रीमियम को ऑप्शन अवधि की समाप्ति पर लाभ और हानि खाते में अंकित किया गया है। विक्रय किए गए ऑप्शनों पर प्राप्त प्रीमियम और क्रय किए गए ऑप्शनों पर संदत्त प्रीमियम की शेष राशि का फॉरेक्स ओवर द काउंटर (ओटीसी) ऑप्शनों के लिए बाजार मूल्य पर परिकलन करके बही में शामिल किया गया है।

6.5 सौदों के उद्देश्य से एक्सचेंज ट्रेडेड डेरिवेटिव्स में क्रय-विक्रय किए जाने वाले डेरीवेटिवों में किए गए निवेश को बाजार द्वारा दी गई प्रचलित बाजार दरों के अनुसार मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ तथा हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है।

7. अचल आस्तियाँ, मूल्यह्रास और परिशोधन:

7.1 अचल आस्तियों का अंकन लागत में से संचित मूल्यह्रास/परिशोधन घटाकर किया गया है। पुनर्मूल्यांकन की तारीख को संचित मूल्यह्रास घटाने के बाद उचित मूल्य होने के कारण पूर्ण स्वामित्व वाले परिसरों का अंकन पुनर्मूल्यांकित राशि पर किया गया है।

7.2 लागत में क्रय लागत तथा समस्त व्यय, जैसे कि स्थान की तैयारी, संस्थापन लागतें और आस्ति पर उसका उपयोग करने से पूर्व अदा की गई प्रोफेशनल फीस शामिल है। उपयोग की गई आस्तियों पर वहन किए गए अनुवर्ती व्यय/व्ययों को केवल तभी पूंजीकरण किया गया है, जब ये व्यय इन आस्तियों से होने वाले भावी लाभ को या इन आस्तियों की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ाते हैं। देशी कार्यालयों की अचल आस्तियों का मूल्यह्रास आस्तियों की उपयोगिता अवधि के आधार पर निम्नानुसार सीधी रेखा पद्धति पर किया गया है:

क्र. सं.	अचल आस्तियों का विवरण	उपयोगिता अवधि
1	कंप्यूटर	3 वर्ष
2	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग है	3 वर्ष
3	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है और सॉफ्टवेयर विकसित करने का खर्च	3 वर्ष
4	ऑटोमेटेड टैलर मशीन/कैश डिपॉजिट मशीन/क्वाइन डिस्पेंसर/क्वाइन वेंडिंग मशीन	5 वर्ष
5	सर्वर	4 वर्ष
6	नेटवर्क उपकरण	5 वर्ष
7	अन्य प्रमुख अचल आस्तियां :	
	परिसर	60 वर्ष
	वाहन	5 वर्ष
	सुरक्षित जमा लॉकर	20 वर्ष
	फर्नीचर व फिक्सचर	10 वर्ष

7.3 वर्ष के दौरान देशी परिचालनों से प्राप्त आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास वर्ष में आस्ति का उपयोग करने के दिनों के अनुपात के आधार पर प्रभारित किया गया है।

7.4 आस्तियाँ जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹1000/- से कम था, उन्हें क्रय वर्ष में ही बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

7.5 पट्टाकृत परिसरों से संबद्ध पट्टा प्रीमियम, यदि कोई हो तो, को पट्टा अवधि में (परिसर एवं बेमियादी पट्टे पर भूमि को छोड़कर) परिशोधित किया गया है और परिचालन पट्टे पर ली गई आस्तियों के लिए किए गए पट्टा भुगतानों को पट्टे की अवधि में सीधी रेखा आधार पर लाभ एवं हानि खाते में व्यय के रूप में हिसाब में लिया गया है।

7.6 विदेश स्थित कार्यालयों की अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों के स्थानीय विनियमों/मानदंडों के अनुसार किया गया है।

7.7 बैंक प्रत्येक तीन वर्षों में पूर्ण स्वामित्व की अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन करता है। पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को पुनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते में जमा किया जाता है। इन्हें लाभ और हानि खाते में नहीं दिखाया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्ति के मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों से अन्य राजस्व आरक्षिति को विनियोजित किया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकन के समय यथामूल्यांकित आस्तियों की शेष उपयोगी अवधि पर किया जाता है।

8. पट्टे :

ऊपर पैरा 3 में निर्धारित किए गए अनुसार आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों के लिए लागू प्रावधानीकरण मानदंड वित्तीय पट्टों पर भी लागू हैं।

9. आस्तियों के मूल्य में कमी:

जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की उचित राशि की वसूली होना संभव नहीं है, तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों के मूल्य में आई कमी की समीक्षा की जाती है। धारित और प्रयुक्त आस्तियों की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति की उचित राशिकी तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से करके ज्ञात की जाती है। यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है, तो अपसामान्यता का माप उस राशि के आधार पर किया जाता है, जो आस्ति की उचित राशि और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर होता है।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव:

10.1 विदेशी मुद्रा लेनदेन :

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को प्रारंभिक निर्धारण पर सूचित मुद्रा में रिकॉर्ड किया जाता है तथा इसके लिए लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि का प्रयोग किया जाता है।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (एफईडीएआई) द्वारा अधिसूचित अंतिम (फॉरवर्ड/स्पॉट) दरों का प्रयोग करके रिपोर्ट की जाती है।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, को लेनदेन की तिथि पर प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके रिपोर्ट की जाती है।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना एफईडीएआई की अंतिम स्पॉट रेट का प्रयोग करके रिपोर्ट की जाती है।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया विदेशी मुद्रा स्पॉट एवं फॉरवर्ड संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वता के लिए एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. वह विदेशी मुद्रा फॉरवर्ड संविदाएं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, को क्लोज़िंग स्पॉट दर पर पुनः मूल्यांकन किया जाता है। ऐसी फॉरवर्ड एक्सचेंज संविदा के प्रारंभ से उत्पन्न प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

vii. आरंभ में दर्ज की गई दरों से भिन्न दरों पर मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर राशियों को उसी अवधि की आय या व्यय के रूप में निर्धारित किया गया है, जिसमें ये अंतर उत्पन्न हुआ है।

viii. मुद्रा वायदा व्यापार में विदेशी मुद्रा दरों की खुली स्थिति में हुए परिवर्तनों के कारण हुए लाभ/हानि को विदेशी मुद्रा समाशोधन गृह से प्रतिदिन निर्धारित किया जाता है और इस लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन :

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं और ओवरसीज़ बैंकिंग इकाइयों (ओबीयू) को गैर-समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. गैर-समाकलित परिचालन:

i. गैर समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक और गैर-मौद्रिक दोनों विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है।

ii. गैर समाकलित विदेशी परिचालनों की आय एवं व्यय को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित तिमाही की औसत अंतिम दर पर परिवर्तित किया गया है।

iii. निवेश का निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर- राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिति में किया गया है।

iv. विदेशी कार्यालयों की विदेशी मुद्रा में आस्तियां और देयताएं (विदेश स्थित कार्यालयों की स्थानीय मुद्रा के अलावा) तुलनपत्र की तिथि उस देश पर लागू हाजिर दर का प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित किया गया है।

ख. समाकलन परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को प्रारंभिक निर्धारण पर सूचित मुद्रा में रिकॉर्ड किया जाता है तथा इसके लिए लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि का प्रयोग किया जाता है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों (हाजिरी/वादा) पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। आकस्मिक देयताएं हाजिर (स्पॉट) दर पर रूपांतरित की गई हैं।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, को लेनदेन की तिथि पर प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके रिपोर्ट की जाती है।

11. कर्मचारी हितलाभ :

11.1 अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ :

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, जिसको कि कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, ऐसे अल्पावधि कर्मचारी हितलाभों की गैर-बट्टाकृत राशियों को कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है।

11.2 दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजनाएं :

क. भारतीय स्टेट बैंक भविष्य निधि योजना का परिचालन करता है। सभी पात्र कर्मचारी बैंक की भविष्य निधि योजना के अंतर्गत ये हितलाभ

प्राप्त करने के हकदार हैं। बैंक निर्धारित दर पर (वर्तमान समय में कर्मचारियों के मूल वेतन एवं पात्र-भत्ते का 10%) मासिक अंशदान करता है। इन अंशदान को, इस उद्देश्य के लिए स्थापित न्यास को प्रेषित कर दिया जाता है तथा इसे लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है। बैंक इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानता है। यदि कोई कमी हो, तो बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उसका प्रावधान किया जाता है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भविष्य निधि में योगदान करती है। भविष्य निधि का संचालन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। योजनाओं के अधीन संदत्त या संदेय अभिदाय उस अवधि के दौरान लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है जिसमें कर्मचारी संबंधित सेवा प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, वैधानिक दर के अनुसार ब्याज देयता की तुलना में अंशदान पर देय ब्याज पर देय ब्याज की कमी को मान्यता देने के लिए एक स्वतंत्र लेखा द्वारा वार्षिक आधार पर बीमांकिक मूल्यांकन किया जाता है।

ख. बैंक, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसी नियत हितलाभ योजनाएँ परिचालित करता है। बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करता है। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति या नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने या नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है। यह राशि बैंक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूल वेतन के समतुल्य राशि होती है, जो सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन रहती है। यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है। बैंक इस राशि का आवधिक अंशदान, वार्षिक स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

ग. बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करता है। यह हितलाभ नियमानुसार मासिक भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और यह भुगतान कर्मचारियों को नियमानुसार उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है। यह हितलाभ नियमों के अनुसार विभिन्न चरणों में प्राप्त होता है। बैंक एसबीआई पेंशन निधि नियमों के अनुसार पेंशन निधि में वेतन के 10% का मासिक अंशदान करता है। पेंशन-देयता की गणना वार्षिक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यन के आधार पर की जाती है और बैंक आवश्यक होने पर पेंशन विनियमों के अंतर्गत हितलाभों के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए आवधिक आधार पर इस निधि में अतिरिक्त अंशदान करता है।

घ. नियत हितलाभ प्रदान करने संबंधी लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर बीमांकिक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया जाता है। बीमांकिक लाभ/हानि को लाभ और हानि में तुरंत शामिल कर दिया जाता है और उन्हें आस्थगित नहीं किया जाता है।

ii. नियत अंशदान योजना :

बैंक ने 01 अगस्त 2010 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना लागू की है, जो एक नियत अंशदान योजना है और ऐसे नए कर्मचारी बैंक की वर्तमान पेंशन योजना के सदस्य बनने के पात्र नहीं हैं। इस योजना के तहत आने वाले कर्मचारी, अपने मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते की 10% राशि को अंशदान के रूप में जमा करेंगे और इतनी ही राशि बैंक अपनी ओर से देगा। संबंधित कर्मचारी की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने तक इन अंशदानों को बैंक में जमा रखा जाएगा एवं इस जमा पर किसी चालू भविष्य निधि खाते के समकक्ष ब्याज दिया जाएगा। बैंक इन वार्षिक अंशदानों एवं इन पर दिए जाने वाले ब्याज को संबंधित वर्ष के खर्च के रूप में परिगणित करता है। स्थायी सेवानिवृति खाता संख्या की प्राप्ति पर समेकित अंशदान राशि को एनपीएस न्यास में अंतरित कर दिया जाता है।

iii. अन्य दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ :

क. बैंक का प्रत्येक पात्र कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थिति, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा-रियायत, सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है। इस प्रकार के दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत के लिए निधि बैंक द्वारा आंतरिक स्रोत से उपलब्ध कराई जाती है।

ख. अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया जाता है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि में तुरंत शामिल कर दिया जाता है और उन्हें आस्थगित नहीं किया जाता है।

11.3 विदेश स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी हितों को संबंधित देशों के स्थानीय कानूनों/विनियमों के अनुसार मूल्यांकित एवं लेखांकित किया जाता है।

12. खंड रिपोर्टिंग

बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक 17 के अनुसार व्यवसाय खंड को प्राथमिक रिपोर्ट खंड तथा भौगोलिक खंड को द्वितीयक रिपोर्टिंग खंड के रूप में मानता है।

13. आय पर कर :

बैंक द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर तथा आस्थगित कर व्यय की कुल राशि आयकर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आयकर अधिनियम 1961 तथा लेखा मानक 22, जो 'आय पर कर का लेखांकन' से संबंधित है, के अनुसार किया जाता है और ऐसा करते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में हुए परिवर्तन भी समाविष्ट हैं। आस्थगित कर-आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष की कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रनीत हानि के बीच के अवधिगत अंतर के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है।

आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तारीख को लागू या बाद में लागू कर दरों और कर नियमों द्वारा मापा जाता है। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया जाता है। क्या आस्थगित कर आस्तियों की वसूली निश्चित है, इस बारे में प्रबंधन के निर्णय के आधार पर उनको प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को हिसाब में लिया जाता है और उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाता है। अग्रानीत आस्थगित कर आस्तियों को गैर-आमेलित मूल्यह्रास और कर घाटा के रूप में तभी माना जाता है, जब यह निश्चित रूप से प्रमाण द्वारा समर्थित हो कि इस तरह की आस्थगित कर संपत्ति को भविष्य के लाभ के रूप में वसूल किया जा सकता है।

समेकित वित्तीय विवरण् में, आयकर व्यय बैंक एवं उसकी अनुपंगियों / संयुक्त उद्यमों के अलग-अलग वित्तीय विवरणों में उनके लागू कानूनों के अनुसार प्रदर्शित होने वाले कर व्यय की कुल राशि है।

14. प्रति शेयर आय:

14.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक - 20 "प्रति शेयर आय" के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय सूचित करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना इक्विटी शेयरधारकों को प्राप्य उस वर्ष के कर पश्चात निवल लाभ को उस वर्ष के लिए शेष इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

14.2 कम की हुई प्रति शेयर आय से वह संभावित कमी सूचित होती है, जो इक्विटी शेयरों को जारी करने हेतु प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने पर घटती है। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना वाले इक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां:

15.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के द्वारा जारी लेखा मानक 29 "प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ" के अनुरूप बैंक प्रावधान को तभी मानता है, जब उसमें पिछली घटना के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व उत्पन्न हुआ हो और इससे देयता की पूर्ति करने के लिए आर्थिक लाभों से जुड़े संसाधनों का संभावित बहिर्गमन हो तथा जब देयता की राशि का सही आकलन किया जा सके।

15.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है:

i. पिछले परिणामों से उत्पन्न किसी संभावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी, अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उत्पन्न हुआ है, किंतु उसे संज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि :-

क. यह संभव नहीं है कि दायित्व की पूर्ति हेतु आर्थिक लाभों से जुड़े संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा, अथवा

ख. दायित्व की पूर्ति हेतु राशि का सही आकलन नहीं किया जा सकता।

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है। इन दायित्वों का मूल्यांकन नियमित अंतरालों पर किया जाता है। केवल उन अपवादात्मक परिस्थितियों जहां, कोई सही आकलन नहीं किया जा सकता, को छोड़कर ऐसे दायित्व के केवल उस अंश के लिए प्रावधान किया जाता है, जिसके आर्थिक लाभों से जुड़े संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है।

15.3 बैंक के डेबिट कार्डधारकों को दिए जाने वाले रिवार्ड प्वाइंट्स के लिए प्रावधान बीमांकिक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

15.4 जब किसी संविदा से बैंक द्वारा प्राप्त किए जाने वाले अपेक्षित लाभ, उस संविदा के अधीन भावी दायित्वों को पूरा करने की अपरिहार्य लागत से कम होते हैं तो अवधिक संविदाओं के लिए उपबंध मान्य होते हैं। प्रावधान राशि का निर्धारण संविदा को समाप्त करने के संभावित न्यूनतम व्यय के वर्तमान मूल्य एवं संविदा को जारी रखने के संभावित निवल व्यय पर किया जाता है। प्रावधान की राशि का निर्धारण करने से पूर्व बैंक द्वारा संविदा से जुड़ी आस्तियों पर नुकसान को हिसाब में लिया जाता है।

15.5 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

16. सर्राफा लेनदेन:

बैंक अपने ग्राहकों को बेचने के लिए परेषण आधार पर बहुमूल्य धातुओं की छड़ों समेत सर्राफा का आयात करता है। ये आयात सामान्यता दुतरफा आधार पर होते हैं और ग्राहकों के लिए इनकी कीमत आपूर्तिकर्ता द्वारा मांगी गई कीमत के आधार पर तय होती है। बैंक इस तरह के सर्राफा लेनदेन पर शुल्क के रूप में आय प्राप्त करता है। इस शुल्क की गणना कमीशन आय के अंतर्गत होती है। बैंक द्वारा स्वर्ण जमा किया जाता है और इस पर उधार भी देता है, जिसे जमा/अग्रिम (जो भी हो) माना जाता है। इसमें भुगतान किए गए/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। स्वर्ण जमा, धातु ऋण अग्रिम तथा अंतिम स्वर्ण शेष को तुलन-पत्र की तिथि पर उपलब्ध बाजार दर पर मूल्य निर्धारित किया जाता है।

17. विशेष आरक्षित निधियां:

राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियों में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष आरक्षित निधि भी शामिल है। बैंक के निदेशक मंडल ने एक संकल्प पारित कर इस आरक्षित निधि के सृजन के लिए अनुमोदन किया है और यह भी पुष्टि की है कि उसका इस विशेष आरक्षित निधि से आहरण करने की कोई मंशा नहीं है।

18. शेयर निर्गम व्यय :

शेयर निर्गम व्ययों हेतु शेयर प्रीमियम खाते को प्रभारित किया जाता है।

19. नकद एवं नकद समतुल्य

नकद एवं नकद समतुल्य में भारतीय रिज़र्व बैंक के पास का नकद एवं शेष, बैंकों में शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय धन शामिल है।

अनुसूची 18 लेखा टिप्पणियां :

1. समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए शामिल की गई अनुषंगियां/संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों की सूची:

समेकित वित्तीय विविरण तैयार करने में जिन 14 ग्रामीण बैंको सहित 27 अनुषंगियों 8 संयुक्त उद्यमों एवं 18 सहयोगियो, वर्ष के दौरान विलय / निकास की संबंधित तिथियों से / तक (जो मुख्य संस्था भारतीय स्टेट बैंक के साथ समूह बनाते हैं) शामिल हैं, का विविरण निम्नानुसार है-

ए) अनुषंगियां:

क्रमांक	सहायक का नाम	निगमन देश	समूह की हिस्सेदारी (%)	
			वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
2)	एसबीआईसीएपी सिक्योरिटीज लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
3)	एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
4)	एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
5)	एसबीआईकैप (सिंगापुर) लिमिटेड	सिंगापुर	100.00	100.00
6)	एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड	भारत	72.17	72.17
7)	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड	भारत	86.18	86.18
8)	एसबीआई इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
9)	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
10)	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड@	भारत	74.00	74.00
11)	एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड	भारत	92.52	92.58
12)	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	55.48	55.50
13)	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	69.96	70.00
14)	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड	भारत	69.20	69.39
15)	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्योरिटीज सर्विसेज प्रा. लिमिटेड @	भारत	65.00	65.00
16)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड @	भारत	62.59	62.88
17)	एसबीआई फंड मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड @	मारीशस	62.59	62.88
18)	वाणिज्यिक इंडो बैंक एलएलसी, मास्को @	रूस	60.00	60.00
19)	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड (07.09.2021 तक)	बोत्सवाना	100.00	100.00
20)	एसबीआई कनाडा बैंक	कनाडा	100.00	100.00
21)	भारतीय स्टेट बैंक (कैलीफोर्निया)	अमेरिका	100.00	100.00
22)	भारतीय स्टेट बैंक (यूके) लिमिटेड	यूके	100.00	100.00
23)	भारतीय स्टेट बैंक सर्विको लिमिटडा	ब्राज़ील	100.00	100.00
24)	एसबीआई (मॉरीशस) लिमिटेड	मॉरीशस	96.60	96.60
25)	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	99.34	99.00
26)	नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड	नेपाल	55.00	55.00
27)	नेपाल एसबीआई मर्चेंट बैंकिंग लिमिटेड	नेपाल	55.00	55.00

@ उन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जो शेयरधारकों के समझौते के अनुसार संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाएं हैं. हालाँकि, इन्हें सहायक कंपनियों के रूप में एएस 21 “समेकित वित्तीय विवरण” के अनुसार समेकित किया जाता है क्योंकि इन कंपनियों में एसबीआई की हिस्सेदारी 50% से अधिक है.

बी) संयुक्त उद्यम:

क्रमांक	संयुक्त उद्यम का नाम	निगमन - देश	समूह की हिस्सेदारी (%)	
			वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	सी - एज टेक्नोलॉजीज लिमिटेड	भारत	49.00	49.00
2)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा. लिमिटेड	भारत	45.00	45.00
3)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लिमिटेड	भारत	45.00	45.00
4)	मैक्वेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट पीटीई. लिमिटेड	सिंगापुर	45.00	45.00
5)	मैक्वेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी लिमिटेड	बरमुडा	45.00	45.00
6)	ओमान इंडिया ज्वाइंट इंवेस्टमेंट फंड - मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लिमिटेड	भारत	50.00	50.00
7)	ओमान इंडिया ज्वाइंट इंवेस्टमेंट फंड - ट्रस्टी कंपनी प्रा. लिमिटेड	भारत	50.00	50.00
8)	जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड	भारत	30.00	30.00

सी) सहयोगी:

क्रमांक	सहयोगी का नाम	इसके निगमन का देश	समूह की हिस्सेदारी (%)	
			वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	35.00	35.00
2)	अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
3)	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
4)	एलाक्वाई देहाती बैंक	भारत	35.00	35.00
5)	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
6)	मेघालय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
7)	मिजोरम ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
8)	नागालैंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
9)	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
10)	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
11)	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
12)	झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
13)	राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
14)	तेलंगाना ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
15)	भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड	भारत	20.05	20.05
16)	येस बैंक लिमिटेड	भारत	30.00	30.04
17)	बैंक ऑफ भूटान लिमिटेड	भूटान	20.00	20.00
18)	इन्वेस्टेक कैपिटल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड	भारत	19.70	-

क) अनुमोदित कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) के तहत विकल्पों का प्रयोग करने के अनुसरण में, निम्नलिखित समूह संस्थाओं ने अपने पात्र कर्मचारियों को इक्विटी शेयर जारी किए हैं: -

i) एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 10 प्रत्येक के 26,47,033 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। नतीजतन, एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड में एसबीआई की हिस्सेदारी 69.39% से घटकर 69.20% हो गई है।

ii) एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 10 प्रत्येक के 2,99,654 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। नतीजतन, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एसबीआई की हिस्सेदारी 55.50 % से घटकर 55.48% हो गई है।

iii) एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 1 प्रत्येक के 23,80,464 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। नतीजतन, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी 62.88% से घटकर 62.59% हो गई है। नतीजतन, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी क्रमशः 62.88% और 92.58% से घटकर 62.59% और 92.52% हो गई है।

iv) एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मार्च 31,2022 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 10 प्रत्येक के 1,16,720 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। नतीजतन, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एसबीआई की हिस्सेदारी 70.00% से घटकर 69.96% हो गई है।

v) येस बैंक लिमिटेड ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 2 प्रत्येक के 47,000 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं।

b) डीएफएस अधिसूचना के अनुसार डीओ. सं. 3/9/2020-आरआरबी दिनांक 21 फरवरी, 2022 के अनुसार, एसबीआई ने निम्नलिखित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में अपने हिस्से की अतिरिक्त पूंजी का निवेश किया है। पूंजी निवेश के बाद एसबीआई की हिस्सेदारी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

₹ करोड़ में

क्रमांक	आरआरबी का नाम	एसबीआई द्वारा निवेश की गई राशि
i.	अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक	0.46
ii.	एलाक्वाई देहाती बैंक	34.92
iii.	झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक	1.59
iv.	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	198.59
v.	मिजोरम ग्रामीण बैंक	11.82
vi.	नागालैंड ग्रामीण बैंक	2.36
vii.	उत्कल ग्रामीण बैंक	239.16
viii.	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	38.84
	कुल	**527.74**

एसबीआई द्वारा एलाक्वाई देहाती बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, मिजोरम ग्रामीण बैंक और उत्कल ग्रामीण बैंक में निवेश की गई अतिरिक्त पूंजी राशि अब शेयर एप्लीकेशन मनी अकाउंट के तहत रखी गई हैं।

ग) 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान, एसबीआई ने निम्नलिखित में अतिरिक्त पूंजी निवेश किया है:

i) संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में ₹ 9.48 करोड़ का निवेश। पूंजी निवेश के बाद एसबीआई की हिस्सेदारी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

ii) एक अनुषंगी कंपनी, पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया, में ₹ 341.26 करोड़ का निवेश। नतीजतन, अनुषंगी में एसबीआई की हिस्सेदारी 99.00% से बढ़कर 99.34% हो गई है।

घ) 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड एवं अनुषंगी ने येस बैंक लिमिटेड, के 94,01,256 इक्विटी शेयर बेचे हैं जिसमें ₹ 0.69 करोड़ का लाभ हुआ है। नतीजतन, येस बैंक लिमिटेड में समूह की हिस्सेदारी 30.04% से घटकर 30.00% हो गई है।

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए पिछले वर्ष में, एसबीआई और उसकी सहायक कंपनी ने फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर के माध्यम से एक सहयोगी येस बैंक लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में ₹ 3,176 करोड़ का निवेश किया था। इसके बाद, एसबीआई की सहायक कंपनी ने येस बैंक लिमिटेड के शेयरों का एक निश्चित हिस्सा बेच दिया है । 31 मार्च, 2021 को समूह की हिस्सेदारी घटकर 30.04% हो गई, जो 31 मार्च, 2020 को 48.21% थी।

